51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.2°c | अधिकतम 39.1 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:18, सूर्यास्त : 7:19 | वर्ष : 51/ अंक : 162 | मंगलवार, 13 जून 2023 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, दशमी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

कहो उसी से, जो कह न सके किसी से, मांगो उसी से जो दे सदा खुशी से, चाहो उसी को जो निभाए हंसी से।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

कौशल विकास के अंतर्गत क्या अपराध का प्रशिक्षण दिलाया जाता है? : अखिलेश यादव




अब तो पुराने काल के प्रशिक्षित अपराधी भी भयभीत हैं.........

# बुर्काधारी महिला का सिर कलम की धमकी देने वाले सचमुच गए जेल

**▸ तालिबानी अंदाज में खुद ही वीडियो बनवाकर कर दिया सोशल मीडिया पर वायरल ▸ पुलिस ने वीडियो के तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार तो बंध गई तीनों की घिग्गी**

**मुजफ्फरनगर, 12 जून (बु.)।** शहर के नावल्टी चौक पर ठेके से शराब खरीदकर जा रही मुस्लिम बुकानशीं महिला को युवकों ने रोककर सिर कलम करने की धमकी दी। वायरल वीडियो में कहा जा रहा है कि मुस्लिम होकर शराब खरीद रही हो। जिससे हिंदुओं में हमारी बेइज्जती हो रही है। वीडियो में सिर कलम करने की धमकी देने वाला कह रहा है कि वह कई बार जेल जा चुका है, इसलिए ऐसा करने से डरेगा नहीं। हालांकि बाद में महिला माफी मांगते हुए वहां से चली जाती है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर दो सगे भाईयों समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो मुजफ्फरनगर कोतवाली क्षेत्र में नावल्टी चौराहे के पास बकरा मार्केट का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में सुन रही बातों से पता चलता है कि दो मुस्लिम महिलाएं नावल्टी चौराहा स्थित सरकारी दुकान से शराब खरीद कर जा रही थी। वहीं से उनका वीडियो बनाकर पीछा करते हुए कुछ युवकों ने उन्हें बकरा मार्केट इलाके में रोक लिया। इसके बाद दो युवकों ने इन मुस्लिम महिलाओं के शराब खरीदने पर नाराजगी जाहिर की। वायरल वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि बुर्का पहने एक महिला को एक युवक शराब खरीदने पर एतराज जताते हुए सिर कलम करने की धमकी दे रहा है। युवक कह रहा है कि इससे मुसलमानों की नाक कट रही है। हिंदुओं के सामने उनकी बेइज्जती हो रही है। हालांकि महिलाओं ने शुरूआत में शराब खरीदने से इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने बीयर खरीदी है। इस पर युवक कह रहा है कि बीयर खरीदना क्या अच्छा काम है। युवक कह रहा है कि उन्होंने एक बच्चे से शराब मंगवाई। इस्लाम में शराब की मनाही है। वह यह भी कह रहा है कि जब वे शराब खरीद रही थी, तो कई लोग उनका वीडियो भी बना रहे थे। काफी देर तक उनको डराते हुए युवकों के आगे युवती अपनी गलती स्वीकारते हुए आगे से ऐसा ना करने की बात कही। इसके दौरान वीडियो बनाने वाले उनके परिवार वालों को भी बुलाने की बात भी करते सुनाई दे रहे हैं। हालांकि इस बहस मुबाहिसे के बाद युवती वहां से चली जाती है। इसके बाद यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जाता है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर तीन आरोपियों आदिल व साजिद पुत्रगण अनवार निवासी खालापार व बाकू पुत्र मौहम्मद इमरान निवासी हंडिया मोहल्ला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

## पुलिस हिरासत में काफूर हो गया तालिबानी नशा




मुजफ्फरनगर। वीडियो में तालिबानी अंदाज में धमकी देते हुए दिख रहे युवकों की पुलिस

हिरासत में घिग्गी बंध गई। वे महिला और कानून दोनों से माफी मांगते नजर आए। वीडियो मामले में पुलिस हिरासत में पहुंचने के बाद तीनों आरोपियों का तालिबानी नशा काफूर हो गया। इसके बाद उनका एक ओर वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वे कहते दिख रहे हैं कि उन्होंने गलती से यह वीडियो बना ली। वे कानून से और महिला दोनों से माफी मांगते हैं। भविष्य में उनसे यह गलती नहीं होगी। इसमें तीनों हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाते दिख रहे हैं। पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया। गिरफ्तार दो सगे भाईयों के खिलाफ शहर कोतवाली में दुष्कर्म का मामला भी दर्ज है।

## देवी-देवताओं पर की अभद्र टिप्पणी को लेकर मचा बवाल

**मेरठ, 12 जून (एजेंसी)।** सोशल मीडिया पर देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजपा समर्थकों ने मेरठ के लालकुर्ती थाने में हंगामा कर दिया। बवाल के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं आरोपी अरमान के साथी फैज ने भी इंस्टाग्राम पर हिंदू लड़कियों के बारे में अभद्र टिप्पणी की है। लालकुर्ती घोसी मोहल्ले में रहने वाला अरमान अपने पिता के साथ अमर ज्वेलर्स पर बैठता है। अरमान ने इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया पर देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी कर दी। लालकुर्ती निवासी भाजपा नेता निपुल चंदेल ने इंस्टाग्राम पर अभद्र टिप्पणी के स्क्रीन शॉट ले लिए और भाजपा नेता विशाल कन्नौजिया को मामले की जानकारी दी।

## बात तो युवकों की ठीक थी मगर सिर कलम कहना पड़ गया महंगा

**मुजफ्फरनगर। शहर में मुस्लिम बुर्काधारियों व तीन युवकों का वायरल हुआ वीडियो यूं तो सोशल मीडिया पर खूब चला, मगर युवकों द्वारा उक्त वीडियो में सिर कलम करने की बात कह देने के कारण युवकों की गिरफ्तारी कर ली गयी। मगर क्या कोई यह भी सवाल उठाएगा कि महिलाओं का शराब के ठेकों पर खड़े होना अथवा शराब खरीदना क्या वाजिब है। धर्म चाहे मुस्लिम हो या हिन्दू, शायद किसी भी समाज के व्यक्ति की महिला यदि शराब के ठेके पर शराब खरीदती हुई मिले तो शायद कोई इस बात को हजम नहीं करेगा, क्योंकि अभी यहां मुजफ्फरनगर जैसे छोटे शहरों में दिल्ली मुम्बई जैसे कल्चर पैदा नहीं हुए। वास्तव में महिलाओं का शराब के ठेकों से शराब लेना शर्मनाक ही है। बस युवकों की गलती यह रही कि उन्होंने कौम का जोश दिखाकर बुर्काधारी महिलाओं को सिर कलम करने की बात कहना महंगा पड़ गया, क्योंकि उक्त वीडियो वायरल होते होते जब अधिकारियों के पास पहुंचा तो सम्भवतः इसी बात पर उन्हें कानून के शिकंजे में फंसा लिया गया।**



## गेहूं की कीमतों पर नियंत्रण के लिए स्टॉक लिमिट लगाने का एलान

**नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसी)। सरकार ने गेहूं की कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए स्टॉक सीमा लगाने का एलान किया है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा है कि देश में पर्याप्त भंडार उपलब्ध होने के कारण गेहूं आयात नीति में बदलाव की कोई योजना नहीं है। खाद्य सचिव ने कहा है कि गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध जारी रहेगा और सरकार कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए महीने के अंत से पहले चरण में थोक उपभोक्ताओं और व्यापारियों को 15 लाख टन गेहूं बेचेगी।**

**सचिन पटाखा की जमानत पर सुनवाई टली : मुजफ्फरनगर, 12 जून (बु.)। व्यापारी मनीष गुप्ता द्वारा थाना नई मंडी में दर्ज कराई गई एफआईआर के आधार पर कुख्यात बदमाश संजीव जीवा समेत 9 लोगों को गैंगस्टर में निरुद्ध किया गया था, जिनमें संजीव जीवा, उसकी पत्नी पायल माहेश्वरी, पूर्व सभासद प्रवीण पीटर और सचिन अग्रवाल उर्फ सचिन पटाखा शामिल है। इन 9 में से संजीव जीवा की पिछले बुधवार को हत्या हो गयी है जबकि अमित गोयल को 4 जुलाई तक गिरफ्तारी पर स्टे मिला हुआ है। पायल माहेश्वरी और अनुराधा माहेश्वरी फरार है। बाकी सभी जेल में बंद है। इस मामले में सचिन पटाखा की जमानत अर्जी आज हाईकोर्ट में लगी हुई थी जिसमे आज सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले की सुनवाई 19 जुलाई को होगी जबकि प्रवीण पीटर की जमानत याचिका पर भी 14 जुलाई को सुनवाई होगी। इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देश पर पुलिस ने सचिन पटाखा, पूर्व सभासद प्रवीण मित्तल उर्फ प्रवीण पीटर, शुभम बंसल और अमित माहेश्वरी को गिरफ्तार कर लिया था । सभी अभियुक्तों को गैंगस्टर न्यायालय में पेश कर कर दिया गया था जिसके बाद अदालत ने इन्हे जेल भेज दिया था।**

## आईआईए के अध्यक्ष की फैक्ट्री में आग से लाखों की सम्पत्ति का नुकसान

**शामली, 12 जून (एजेंसी)।** आईआईए के अध्यक्ष अनुज गर्ग की औद्योगिक क्षेत्र में चम्मच और माचिस बनाने की फैक्टरी में सोमवार सुबह भीषण आग लग गई। आग में लाखों के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। आग बुझाने के लिए दमकल विभाग की गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया है। कंडेला क्षेत्र में आईआईए के अध्यक्ष अनुज गर्ग की लकड़ी की चम्मच और माचिस बनाने की फैक्टरी है। सोमवार सुबह अचानक फैक्टरी में आग लग गई। जल्द ही आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। सूचना पर दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गई हैं। आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाई है।

# विकास तीर्थ की यात्रा कराने हाईवे पर उतरे दोनों मंत्री

**▸ डॉ. संजीव बालियान और कपिल देव अग्रवाल ने बयां की पीनना से रामपुर तिराहा हाईवे निर्माण की कहानी ▸ कहा-1200 करोड़ खर्च करने को तैयार नहीं थी हाईवे अथॉरिटी और यूपी सरकार, जनता की खातिर पीएम मोदी ने दिखाया बड़ा दिल ▸ दिसम्बर के अंत तक जनता को समर्पित कर दिया जायेगा पानीपत-खटीमा नेशनल हाईवे**

**मुजफ्फरनगर, 12 जून (बु.)।** भारतीय जनता पार्टी के विकास तीर्थ अवलोकन कार्यक्रम के तहत सोमवार को केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल के साथ पीनना से रामपुर तिराहे तक बन रहे 11 किलोमीटर के रिंग रोड के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई गांवों में इस सौगात के लिए दोनों मंत्रियों का स्वागत किया गया। मंत्री डॉ. बालियान ने कहा कि मुजफ्फरनगर शहर को जाम से मुक्त कराने के लिए मंत्री कपिल देव अग्रवाल और पूर्व विधायक अशोक कंसल ने रिंग रोड का सपना बुना था, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के आशीर्वाद से पूरा हुआ है। 1200 करोड़ की लागत से बन रहे इस रिंग रोड का काम अगले दो माह में पूरा कर लिया जाएगा। इस रिंग रोड के बनने से रोजमर्रा यूपी, उत्तराखंड और हरियाणा जाने वाले लाखों यात्रियों को ना केवल जाम से मुक्ति मिलेगी, सुरक्षित यात्रा मुहैया होगी। भाजपा द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम में देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के गौरवशाली 9 वर्ष पूर्ण होने पर विकास तीर्थ यात्रा के अंतर्गत मुजफ्फरनगर में पीनना बाईपास से रामपुर तिराहे तक बनाये गये फोरलेन हाईवे का केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान व मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ स्थलीय भ्रमण किया और जनता को भी विकास की यह यात्रा कराई। अपना यह ड्रीम प्रोजेक्ट पूर्ण होता देखकर केंद्रीय राज्यमंत्री गदगद नजर आये। इस दौरान मुजफ्फरनगर बुलेटिन टीम के साथ उन्होंने विकास की इस यात्रा का पूरा वृतांत व्यक्त करते हुए कहा कि आज वो दिल से पीएम नरेन्द्र मोदी और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का दिल से अभिनंदन करते हैं। मंत्री बालियान ने बताया कि साल 2007 में कपिल देव अग्रवाल और अशोक कंसल ने जनता की समस्या को देखते हुए पीनना से इस बाईपास के निर्माण का प्रयास किया, लेकिन राज्य में दूसरे दलों की सरकार होने के कारण यह सपना साकार नहीं हो सका। समय बदला और केंद्र में भाजपा सत्ता में आई तो हमने प्रयास शुरू किये। **शेष : पृष्ठ-4 पर**





## राम मंदिर के लिए 42 दिनों में 3500 करोड़ का मिला दान

**अयोध्या , 12 जून (एजेंसी)।** श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट राममंदिर निर्माण के लिए दो साल पहले चलाए गए निधि संग्रह अभियान का अध्ययन कराएगा। ट्रस्ट का दावा है कि किसी भी मठ-मंदिर के निर्माण के लिए आज तक इतना बड़ा अभियान नहीं चला है। इसलिए इस अभियान का अध्ययन होना चाहिए। 42 दिन तक चले अभियान में देशभर से मंदिर निर्माण के लिए भक्तों ने करीब 3500 करोड़ की निधि समर्पित की थी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मकर संक्रांति पर 15 जनवरी से रविदास जयंती 27 फरवरी 2021 तक देशभर में निधि समर्पण अभियान चलाया था। इस अभियान में ट्रस्ट की ओर से 10,100 व 1000 के कूपन के जरिए मंदिर निर्माण के लिए धन एकत्रित किया गया था। इस अभियान में रामभक्तों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की थी, जाति-धर्म की दीवारें तोड़कर मंदिर निर्माण के लिए यथासंभव योगदान दिया था। इसका परिणाम यह रहा कि 42 दिन के अभियान में देशभर से 3500 करोड़ रुपये की धनराशि एकत्र हुई।

## मोदी-योगी की तारीफ करने पर दूल्हे के चाचा की हत्या

**मिजार्पुर, 12 जून (एजेंसी)।** योगी-मोदी की तारीफ करना दूल्हे के चाचा को महंगा पड़ गया। योगी की योजनाओं और मोदी के फैसलों की तारीफ करने पर दूल्हे के चाचा की बोलेरो से कुचलकर हत्या कर दी गई। बताया गया है कि किराए की गाड़ी लेकर बारात में आये युवक ने हत्या को अंजाम दिया। उसे रिश्तेदारों को घर छोड़ने का काम सौंपा गया था। इस घटना के बाद से आरोपी चालक फरार है। जिसकी तलाश के लिए 3 टीमें लगा दी गई हैं। घटना सोमवार सुबह 8 बजे की है। मिजार्पुर के विंध्याचल थाना क्षेत्र की इस घटना के बाद परिवार और रिश्तेदारों ने मिजार्पुर-प्रयागराज हाइवे को जाम कर दिया। अफसरों ने करीब 3 घंटे के बाद परिजन को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। मरने वाले व्यक्ति का नाम राजेशधर था। उनकी उम्र 52 साल है। राजेशधर मिजार्पुर के कोलाही गांव के रहने वाले थे। वो अपने साथियों के साथ भतीजे की शादी में शामिल होने आए थे। उसने भाई राकेशधर ने आरोपी पर हत्या का केस दर्ज करवाया है।

## योगी ने किया काशी विश्वनाथ का जलाभिषेक, बाबा कालभैरव के दरबार में भी टेका मत्था

**वाराणसी, 12 जून (एजेंसी)।** दो दिवसीय वाराणसी दौरे के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह श्री काशी विश्वनाथ मंदिर और काशी के कोतवाल कालभैरव मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन किया। काशी विश्वनाथ का षोडशोपचार विधि से पूजन कर प्रदेशवासियों और जगत कल्याण की कामना की। सीएम रविवार को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे थे। जी20 सम्मेलन के तहत रविवार को नदेसर स्थित होटल में विदेशी मेहमानों के साथ मुलाकात की और उनके साथ रात्रि भोज में शामिल हुए। इसके बाद सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम किया। सोमवार की सुबह सीएम योगी पहले श्रीकाशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। यहां विधि विधान से बाबा का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद कालभैरव मंदिर में शीश नवाया। सुबह सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की। सभी जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे अपने अपने विधानसभाओं में कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक करें। सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को पहुंचे, इसे सुनिश्चित कराएं।

# महिला की ब्लैक मेलिंग से परेशान युवक ने खाया जहर

**कांधला, 12 जून (बु.)।** महिला के द्वारा ब्लैकमेल से अजीज आकर एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की आत्महत्या कर सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के गांव आट्टा निवासी रोहताश का 32 वर्षीय पुत्र शेखर उर्फ छोटू बुढ़ाना थाना क्षेत्र के गांव नीमखेड़ी निवासी मनोज के साथ पार्टनरशिप में कपड़े की फेरी लगाने का काम करता था। ग्रामीणों के अनुसार दोनों युवक लोट का माल खरीदकर उसे दूर दूसरे क्षेत्रों में जाकर पीठ बाजार में बेचते थे। इस दौरान उसे पता चला कि मनोज की पत्नी पूजा के सम्बन्ध गांव नीमखेड़ी निवासी डॉ. राहुल के साथ है। जिसे उसने मनोज को बता दिया था। ग्रामीणों के अनुसार उसके बाद से उक्त महिला व डॉ. राहुल उसे बार-बार शेखर को ब्लैकमेल कर रहे थे तथा बार - बार उससे पैसों की मांग कर रहे थे, जिसके बाद उसने उन्हें पैसे भी दिए, किन्तु महिला पूजा व डॉ. राहुल के द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न से शेखर परेशान हो गया था, जिसका जिक्र उसने अपने दोस्तों व परिचितों को भी किया था। परिजनों ने बताया कि शेखर दो दिन से ज्यादा परेशान था तथा वह किसी से ज्यादा बात नहीं कर रहा था। रविवार की दोपहर को वह गांव से बिना बताएं गायब हो गया। शाम तक घर वापस ना लौटने पर परिजनों ने उसको ढूंढने का प्रयास किया, किन्तु उसका कोई पता ना चलने पर थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी गई, जिसके बाद उसके दोस्त व परिचित उसे ढूंढने में लगे रहे। इस दौरान शेखर ने अपनी बहन को ऑडियो मैसेज भेजकर आप बीती बताई तथा अपनी लॉकेशन बताते हुए आत्महत्या करने की बात कही। ग्रामीण उसे जंगलों में ढूंढते रहे। रात्रि लगभग साढ़े दस बजे शेखर का शव गांव के बाहर एक पेड़ पर लटका हुआ मिला। ग्रामीणों ने बताया कि शेखर से फांसी लगाने से पूर्व जहरीले पदार्थ का भी सेवन किया था। शेखर के शव की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। आनन-फानन में परिजन घटना स्थल पर पहुंचे तथा मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। शेखर की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वही शव के पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीम माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं मामले में शेखर के पिता ने पूजा व डॉ. राहुल के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का अभियोग पंजीकृत कर दोनों की तालाश में दबिश दे रही है।

## हिस्ट्रीशीटर के मकान की कुर्की की कार्रवाई

**चरथावल, 12 जून (बु.)।** नायब तहसीलदार हरेंद्र पाल सिंह ने पुलिस बल के साथ कस्बे के हिस्ट्रीशीटर के तीन मंजिला मकान कुर्क की कार्रवाई कर दी है। प्रशासन ने आरोपी द्वारा अनुमानित 45 लाख रुपये का आंकलन किया है। थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया सोमवार को चरथावल के मुर्दापट्टी निवासी हिस्ट्रीशीटर नसीम के मकान पर कुर्क की कार्रवाई के बाद बोर्ड लगा दिया है। मकान की अनुमानित कीमत करीब 45 लाख रुपये है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में गोकशी, लूटपाट और गैंगस्टर आदि के 22 मुकदमें पंजीकृत हैं। पुलिस ने बताया आरोपी संगठित गिरोह बनाकर अनुचित तरीके से धन एकत्रित किया है। उसके द्वारा अवैध रूप से अर्जित चल अचल सम्पत्ति को धारा 14 (1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रिया-कलाप (निवारण) अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई। उसके कस्बा चरथावल के मोहल्ला मुर्दापट्टी में स्थित आवासीय प्लाट भूखण्ड कुल क्षेत्रफल 160 वर्ग गज में निर्मित तीन मंजिला मकान कुर्क कर तहसीलदार सदर को उक्त संपत्ति का प्रशासक नियुक्त किया है। अभियुक्त के परिजनों को 90 दिन के अन्दर अपना पक्ष रखना है।



## नहर में नहाने गए युवक की मौत

**मुजफ्फरनगर, 12 जून (बु.)। सिखेड़ा नहर में नहाने गए युवक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने नहर से युवक के शव को बरामद कर परीक्षण के लिये भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि नई मंडी थाना क्षेत्र के अमित विहार कूकड़ा निवासी कुछ युवक सिखेड़ा नहर में नहाने गए थे, जिनमें से एक युवक लापता हो गया। तलाश करने पर उसका शव नहर से बरामद हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया। पुलिस का कहना है कि शव पर किसी प्रकार की चोटो के निशान नहीं हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।**

## गजब : ग्राम प्रधान ने फर्जी सभासद बनाकर असली को किया इग्नोर

**बुढ़ाना, 12 जून (बु.)।** ग्राम प्रधान ने वार्ड के कुछ निर्वाचित सदस्य को इग्नोर कर उनके स्थान पर फर्जी सदस्य बनाकर उसको हर मीटिंग में शामिल कर बड़ा खेल कर दिया है। इस बात का खुलासा आज सोमवार को उस समय हुआ, जब सब निर्वाचित सदस्य इस मामले में एसडीएम से मिले। अब एसडीएम ने मामले की जांच बैठा दी है। ब्लॉक की ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 5 के निर्वाचित सदस्य मुहम्मद इमरान, वार्ड 6 की सदस्या अकबरी, वार्ड 8 की सदस्य रुखसार, वार्ड 10 के सदस्य अमित, वार्ड 11 के सदस्य भोपाल, वार्ड 12 के सदस्य सचिन कुमार व वार्ड 13 के सदस्य जयकरण ने एसडीएम को शिकायती-पत्र में बताया कि वे सब ब्लॉक के ग्राम जौला के निर्वाचित ग्राम पंचायत सदस्य हैं। उनको आज तक विजयी होने का कोई प्रमाण-पत्र ना तो ब्लाक बुढ़ाना से मिला और न ही प्रधान द्वारा दिये गये, जबकि उनके प्रमाण-पत्र ब्लॉक बुढ़ाना से जारी हो चुके हैं और निलम्बित चल रहे ग्राम प्रधान जमशेद अली अभी तक भी उनके विजयी प्रमाण-पत्र अपने पास रखे हुये हैं और राजनैतिक द्वेष के कारण उनको नहीं दे रहा है। सभी शिकायतकर्ताओं ने एसडीएम बुढ़ाना अरुण कुमार श्रीवास्तव से निलम्बित ग्राम प्रधान जमशेद से या फिर ब्लाक से उनको विजयी प्रमाण पत्र दिलाए जाने की मांग की है।

## खतौली चेयरमैन हाजी लालू का प्रमाणपत्र रद्द

**मुजफ्फरनगर, 12 जून (बु.)।** डीएम द्वारा गठित टीम की जॉंच रिपोर्ट के बाद खतौली तहसीलदार ने नव निर्वाचित हाजी शाहनवाज लालू का जाति प्रमाणपत्र निरस्त कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि निरस्त जाति प्रमाणपत्र का इस्तेमाल किया गया तो इस्तेमाल करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पिछड़ी जाति में आरक्षित खतौली नगरपालिका सीट पर चुनाव लड़ने के लिए हाजी शाहनवाज लालू ने अपना जाति प्रमाणपत्र पिछड़ी जाति का बनवाने का आरोप लगाया गया था। हाजी शाहनवाज लालू के चुनाव चुनाव जीतने के बाद उनके सामने चुनाव हारने वाले कृष्णपाल सैनी तथा जमील अहमद ने जनवाणी पर फर्जी प्रमाण पत्र बनवाने की शिकायती की थी। जिसके बाद डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में चार सदस्यीय टीम गठित की। टीम ने जांच में पाया कि हाजी शाहनवाज लालू पिछला चुनाव सामान्य सीट पर लड़े थे। जिस स्कूल में वह पढ़े वहां पर भी उनकी जाति शेख दर्ज पाई गई। अन्य कागजों में भी उनकी जाति सामान्य पाई गई। जिसके बाद डीएम ने 29 मार्च 2023 को जारी किए गए जाति प्रमाणपत्र को निरस्त करने के आदेश तहसीलदार खतौली को दिए थे। तहसीलदार ने डीएम के आदेश के बाद उक्त जाति प्रमाण पत्र निरस्त करते हुए शिकायतकर्ताओं के साथ हाजी शाहनवाज लालू को भी एक-एक प्रति उपलब्ध करा दी है। पूर्व चेयरमैन पारस जैन द्वारा आज सार्वजनिक किए गए आदेश में तहसीलदार आरती यादव ने लिखा है कि यदि यह जाति प्रमाणपत्र कहीं इस्तेमाल किया गया तो उपयोग कर्ता के खिलाफ सुसंगत धाराओं में विधि के अनुकूल कार्रवाई की जाएगी।



# बांग्लादेशी अफसरों ने जानी जिले की कानून-व्यवस्था

## ▶▶ बैठक में जिले के गुड़ की मिठास के साथ ही रोनी हरजीपुर की चुनौतीपूर्ण घटना पर चर्चा






फोटो बुलेटिन विकास भवन में बांग्लादेश एडमिनिस्ट्रेशन सर्विस के अधिकारियों को देश की प्रशासनिक एवं कानून व्यवस्था के सम्बंध में जानकारी देते डीएम व अन्य अफसर।

**मुजफ्फरनगर, 12 जून (बु.)।** पड़ौसी बांग्लादेश से आए 44 सिविल सेवकों ने सोमवार को जनपद में पहुंचकर प्रदेश की प्रशासनिक व पुलिस सेवाओं के अधिकारियों से विभिन्न मुद्दों के साथ क्षेत्रीय विशेषताओं पर चर्चा की।

सिविल सेवकों ने बताया कि उत्तर प्रदेश की प्रशासनिक गतिविधियां बांग्लादेश से काफी हद तक मिलती जुलती हैं। इससे पूर्व विकास भवन सभागार में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने बांग्लादेश से आए 44 सिविल सेवकों का प्रशासन की ओर से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने सिविल सेवकों को मुजफ्फरनगर जनपद के इतिहास एवं प्रमुख स्थानों के साथ मुख्य समस्याओं के बारे में भी बताया। इसके साथ ही जिले की सामाजिक, आर्थिक एवं प्रशासनिक ढांचे के बारे में अवगत कराते हुए बांग्लादेश के प्रशासनिक ढांचे पर विस्तार से चर्चा की तथा तुलनात्मक रूप से अवलोकन किया।

सोमवार को भारत दौरे के बीच देहरादून से मुजफ्फरनगर पहुंचे 44 बंग्लादेशी आईएएस अफसरों को डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी एवं सीडीओ संदीप भागिया के नेतृत्व में अन्य अधिकारियों ने जिला मुजफ्फरनगर के कल्चर, विकास, कानून व्यवस्था के साथ यहां की ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया। डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी ने इन 44 अफसरों को जहां हाल में

### देहरादून से लग्जरी बस में सवार होकर जिले में पहुंचे 44 विदेशी अफसर

घटित हुई रोनी हरजीपुर की घटना से अवगत कराया। वहीं जनपद की मिठास के संबंध में जानकारी दी गई। सोमवार को देहरादून से जिले में पहुंचे बंग्लादेशी अधिकारियों का एसडीएम सदर परमानंद झा और तहसीलदार सदर अभिषेक शाही ने रोहाना टोल प्लाजा से रिसीव करते हुए विकास भवन सभागार में इन अधिकारियों को प्रशिक्षण के लिए बैठक आयोजित की। बैठक में डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने जहां इन अधिकारियों को कलेक्टर के कार्यों, अधिकारों के बारे में जानकारी दी। वहीं एसपी सिटी ने इन अफसरों को आईपीसी में गुंडा एक्ट व गैंगस्टर एक्ट की शक्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। हाल में सदर तहसील की चरथावल थाना क्षेत्र के गांव रोनी हरजीपुर में धीरसिंह की विशाल प्रतिमा सरकारी भूमि पर लगाने के लिए घटी घटना की जानकारी देते हुए वहां हुए बवाल और हंगामे की चंद तस्वीरें दिखाकर घटनाक्रम की चुनौती को समझाया। सीडीओ संदीप भागिया ने विकास कार्यों की जानकारी देते हुए इस जिले का परिचय शुगर बाउल के रूप में कराया गया। उन्होंने बताया कि यह जनपद शुगर बाउल ऑफ इंडिया के रूप में जाना जाता है। यहां पर आठ शुगर मिल और 1500 से ज्यादा कोल्हू संचालित हैं।

इसके साथ करीब 2.9 लाख हैक्टेयर भूमि पर गन्ने की पैदावार किसान करते हैं, जिससे 5 हजार करोड़ रुपये प्रति वर्ष की आय होती है। बांग्लादेशी अफसरों को दिल्ली जाते हुए नेशनल हाईवे पर स्थित गांव जड़ौदा का भ्रमण भी कराया गया। इस दौरान मुख्य रूप से एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार, डीपीआरओ अनिल कुमार सिंह और बीडीओ नेहा शर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में मीरांपुर एकेडमी ने मारा मैदान

### पुलिस क्रिकेट अकादमी ने आयोजित कराया पहला टूर्नामेंट

**मुजफ्फरनगर, 12 जून (बु.)।** सोमवार को पुलिस क्रिकेट एकेडमी मुजफ्फरनगर की ओर से आयोजित प्रथम अंडर 14 आयु वर्ग क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के फाइनल मैच में सेंट जेवियर्स क्रिकेट एकेडमी मीरांपुर ने पीसीए क्रिकेट एकेडमी मुजफ्फरनगर को 22 रनों से हराकर क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया।

क्रिकेट लीग टुर्नामेंट आयोजन सचिव गौरव सिद्धार्थ ने बताया कि सोमवार को संपन्न हुए क्रिकेट टूर्नामेंट में मीरांपुर एकेडमी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और निर्धारित अपने 20 ओवरों के मैच में 8 विकेट के नुकसान पर 145 रन बनाए। इस सफलता में मीरांपुर के बल्लेबाज अयान ने 68 रन, देव ने 21 रन एवं प्रिंस ने 14 रनों का अपनी टीम को योगदान दे सके। इस बीच में पीसीए के गेंदबाज सार्थक और सरूर को तीन-तीन विकेट व कैफ को दो विकेट मिले। खेल मैदान पर आयोजित इस मैच में 146 रनों के आसान से लक्ष्य को पीसी एकेडमी की टीम हासिल नहीं कर सकी और अपने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर मात्र 123 रन बना सकी। इस क्रिकेट मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए जहां एक ओर देवांश ने 3 विकेट हासिल किए।

वहीं इस टूर्नामेंट के बेस्ट बॉलर मीरांपुर के अजय एवं बेस्ट बल्लेबाज मीरांपुर के अयान रहे। मैन ऑफ द सीरीज पीसी एकेडमी के हर्षित वर्मा रहे। मैच के अंपायर शादाब सैफी और यश धवन व स्कोर युवराज रहे। मुख्य अतिथि आरआई मुहम्मद नदीम, एमसीए सचिव एवं उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन सदस्य मनोज पुंडीर, पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी विश्व जीत सिंह, एमसीए के विकास राठी, राजेश राणा, आशुतोष माहूर, अवधेश शर्मा, विवेक सरोहा आदि मौजूद रहे।

## पचैण्डा कलां में जहर के सेवन से वृद्धा की मौत

**मुजफ्फरनगर, 12 जून (बु.)।** एक वृद्धा की जहरीले पदार्थ का सेवन करने से मौत हो गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव पचैंडा कला निवासी 65 वर्षीया महिला ने संदिग्ध हालातो में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाई शुरू कर दी है।

## तारीख गवाह है

### आज का इतिहास

### 26 वर्ष पूर्व उपहार सिनेमा अग्निकांड में गई थी 59 की जान



**नई दिल्ली 12 जून (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 13 की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार है:- 1290- जलालुद्दीन फिरोजशाह दिल्ली की गद्दी पर बैठा। 1625- ब्रिटेन के राजा हेनरी प्रथम ने फ्रांस की राजकुमारी हिनरीती से विवाह किया। 1721- इंग्लैंड ने मैड्रिड के साथ संधिपत्र पर हस्ताक्षर किए। 1888- अमेरिकी कांग्रेस ने श्रम विभाग का गठन किया। 1927- अमेरिका में पहली बार स्टेचू आफ लिबर्टी के दाहिने हाथ से अमेरिकी ध्वज प्रदर्शित किया। 1932- इंग्लैंड और फ्रांस ने शांति संधि पर हस्ताक्षर किए। 1978- इजरायल के सुरक्षा बल लेबनान से हटे। 1993- किम कैंपबेल कनाडा की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं। 1995- फ्रांस ने दक्षिण प्रशांत में आठ और परमाणु परीक्षण करने की घोषणा की। 1997- दिल्ली के उपहार सिनेमाघर में आग लगने से 59 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। 2000- पहले अंतर-कोरिया शिखर सम्मेलन में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति किम जुंग प्योंगयांग में उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग इल से मुलाकात की। 2001- नेपाल शाही परिवार हत्याकांड में दीपेन्द्र की प्रेमिका देवयानी का जांच आयोग के समक्ष गवाही से इन्कार। 2003- डेनियल अखमितोव कजाकिस्तान के नये प्रधानमंत्री नियुक्त। 2012- प्रसिद्ध गायक मेहदी हसन का निधन।

# जसोई में ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों में गड़बड़ी करने के आरोप, ग्रामीणों ने की डीएम से शिकायत



**मुजफ्फरनगर, 12 जून (बु.)।** सोमवार को सदर तहसील के बघरा ब्लॉक के ग्राम जसोई से डीएम कार्यालय पहुंचे दर्जनों ग्रामीणों ने गांव की प्रधान पर विकास कार्यों की आड़ में भारी अनियमितता बरते जाने के गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की। डीएम के नाम सौंपे शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने मनरेगा, पेयजल व सड़कों के निर्माण कार्यों के साथ पूर्व में गांव प्रधान द्वारा लगाए गए आरओ को गुम किए जाने के भी गंभीर आरोप लगाए।

सोमवार को डीएम कार्यालय पहुंचे ग्राम जसोई के ग्रामीणों ने शिकायती पत्र के माध्यम से गांव प्रधान के द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जांच कराए जाने की मांग की। डीएम कार्यालय पर पहुंचे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वर्तमान ग्राम प्रधान ने जहां मनरेगा योजना के तहत किए गए कार्यों में किसी जॉब कार्ड वाले व्यक्ति से काम नहीं कराया और उसके पैसों को हड़पने के साथ राजस्व को हानि पहुंचाई है।

वहीं सरकारी हैंडपंपों में बड़ा खेल कर दिया है, जहां हैंडपंप नहीं है, उन्हें कागजों में दर्शाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व प्रधान द्वारा लगाया गया बस स्टैंड का आरओ भी गायब कर दिया गया है। इसके अलावा पुलिया निर्माण व ऊंचीकरण के कार्यों के नाम पर धनराशि दिखाई जाने के बावजूद कोई कार्य धरातल पर नहीं कराया गया है। डीएम दरबार में पहुंचे ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान की 14 बिन्दुओं पर किसी अधिकारी से जांच कराए जाने के साथ दोषी प्रधान के खिलाफ कार्रवाई कराए जाने की मांग की।

## एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में कौशल विकास का एमओयू

**मुजफ्फरनगर, 12 जून (बु.)।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में मैंटरिंग एवं परामर्श प्रकोष्ठ एवं आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनश्चयन प्रकोष्ठ ने छात्र/छात्राओं के कौशल विकास हेतु माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर की नई शिक्षा नीति (एनईपी) के अन्तर्गत निर्धारित पाठ्यक्रम मशरूम कल्टीवेशन एवं जैविक खेती के बारे में प्रायौगिक रूप से समझाने के लिए एग्रीजंक्शन सेन्टर, थानाभवन, शामली के साथ अनुबंध करार किया। इस एमओयू पर डॉ. कटार सिंह बर्मन (प्रोपराईटर) एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल ने छात्र/छात्राओं के समक्ष हस्ताक्षर किये। विभागध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन (आईक्यूएसी समन्वयक), डॉ. रवि अग्रवाल (विभागाध्यक्ष वाणिज्य), एकता मित्तल (विभागाध्यक्ष मानविकी), डॉ. नवनीत वर्मा (डीन, स्टूडेंट वेलफेयर) उपस्थित रहे। डॉ. कटार सिंह बर्मन ने अपने व्याख्यान में बताया कि समय-समय पर शॉर्टटर्म कोर्स, सेमिनार, सर्टिफिकेट प्रोग्राम का आयोजन करेगा। प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल ने कहा कि मशरूम की खेती एवं जैव उर्वरक का उत्पादन करके अच्छी पैदावार प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. सौरभ जैन ने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा एवं सम्मान का माहौल बना है, जो औद्योगिक विकास के लिए बेहद जरूरी हैं। इस अवसर पर डॉ. मोनिका रूहेला, डॉ. महेन्द्र सिंह, डॉ. बुशरा आकिल, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, रजत धारीवाल, गौरव बालियान, तनु सिंह, शिखा पाल, वंशिखा गुप्ता उपस्थित रहे।

# श्रीराम कॉलेज प्रवक्ता विश्वदीप कौशिक ने मध्य प्रदेश में ग्रैपलिंग चैम्पियनशिप में जीता कांस्य पदक

### 130 किग्रा. भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हासिल किया मेडल, हुआ स्वागत



फोटो बुलेटिन पदक जीतकर लौटे प्रवक्ता का स्वागत करते डॉ. कुलश्रेष्ठ।

**मुजफ्फरनगर, 12 जून (बु.)।** श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रवक्ता विश्वदीप कौशिक ने देवास (मध्य प्रदेश) में श्रीमंत तुकोजी राव पवार स्टेडियम भोपाल स्क्वायर में आयोजित की गई 16वीं राष्ट्रीय ग्रैपलिंग चैम्पियनशिप में 130 किग्रा. भार वर्ग में अपना शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीतकर जनपद तथा महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि 16वीं राष्ट्रीय ग्रैपलिंग प्रतियोगिता 01 से 04 जून 2023 को आयोजित की गई थी। देश से लगभग 800 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया था। विश्वदीप कौशिक ने 130 किग्रा. भार वर्ग प्रतियोगिता में कांस्य पदक अपने नाम किया है। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कालिजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने विश्वदीप कौशिक को बधाई दी तथा प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया।

श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल तथा श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा. अशोक कुमार ने विश्वदीप कौशिक के महाविद्यालय लौटने पर बधाई दी। विश्वदीप कौशिक ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा महाविद्यालय से मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं को दिया। श्रीराम ग्रुप ऑफ कालिजेज के कोषाध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी, डीन प्रबंधन डॉ. सौरभ मित्तल, बीबीए विभाग के विभागाध्यक्ष, विवेक कुमार तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार, प्रवक्ता भूपेन्द्र कुमार, डॉ. अब्दुल अजीज खान, सन्दीप कुमार, प्रशान्त कुमार, तरूण कुमार आदि प्रवक्ता उपस्थित रहे।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 12 जून, (बु.)।** सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना- 61,300 चांदी-74,000
सिक्का- 850 गिन्नी- 46,000

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 12 जून, (बु.)।** मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- रसकट ढैया-1120, चाकू 1500-1640, लड्डू 1500-1660, खुरपापाड़ 1425-1450, शक्कर मसाला 1575, आमद-1000 मन।

## आपका आज का राशिफल

**मंगलवार, 13 जून, 2023**

**मेष-** आज दिन 1/33 बजे तक इच्छित कार्यों में व्यवधान, आलस्य की अधिकता, एकाग्रता भंग, शेष समय में समस्याओं का समाधान।
**वृषभ-** आज दिन 1/33 बजे तक उन्नति का सुयोग, योजना फलीभूत, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, शेष समय में लाभ का मार्ग अवरुद्ध।
**मिथुन-** दिनचर्या व्यवस्थित, दूसरों की सलाह से कामयाबी, व्यापार में धन निवेश, सुख शांति का वातावरण, पारिवारिक सौहार्द।
**कर्क-** व्यावसायिक सफलता, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, विशेष प्रयास सार्थक, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क।
**सिंह-** आज दिन 1/33 बजे तक प्रतिकूलता, पुरुषार्थ के प्रति रुचि, अध्ययन में व्यतिक्रम, वाहन से भय, दुर्घटना संभव, शेष समय में सद्विचारों का उदय।
**कन्या-** आज दिन 1/33 बजे तक व्यवसाय में सफलता, पठन-पाठन में रुचि, मानसिक शांति, विवाद का समापन, शेष समय में कार्य के प्रति उदासीनता, इच्छापूत में बाधा।
**तुला-** समय भाग्य के पक्ष में, आत्मशक्ति का विकास, मसला सुलझने की ओर, आध्यात्मिक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि, पारिवारिक दायित्व की पूत।
**वृश्चिक-** ग्रहस्थिति अनुकूल, धनसम्पत्ति विषयक मसला हल, मित्रों की गतिविधियों से मानसिक राहत, व्यवसाय विस्तार, महत्वपूर्ण कार्यों से अपेक्षित सहयोग।
**धनु-** आज दिन 1/33 बजे तक परिस्थितियां भाग्य के विपरीत, कार्यों के प्रति उदासीनता, खर्च से परेशान, शेष समय अनुकूल, यात्रा।
**मकर-** आज दिन 1/33 बजे तक समय आशाजनक, इच्छित पद की प्राप्ति, विवाद का समापन पक्ष में, व्यवधान, प्रतिष्ठा में कमी।
**कुम्भ-** अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, रचनात्मक क्रियाकलापों में रुचि, समस्या का निवारण, नवसमाचार मिलने से खुशी, वैवाहिक अड़चनें समाप्त,लाभ।
**मीन-** दिन शुभ, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, विशिष्टजनों से सम्पर्क, कुछेक मसला हल, मित्रों से विचार-विमर्श।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# बैंक कर्मचारियों का छठे दिन भी सहकारी बैंक पर विरोध जारी

## समस्या समाधान न होने पर 28 से कामबंद हड़ताल

### एक अप्रैल 2021 से लंबित देय नया वेतनमान नहीं मिलने से आक्रोश

**मुजफ्फरनगर, 12 जून (बु.)।** जिला सहकारी बैंक के कर्मचारियों का 01 अप्रैल 2021 से लंबित देय नये वेतनमान का परिपत्र जारी होने के बाद तमाम आश्वासन के बाद भी उक्त परिपत्र को लागू न किए जाने के कारण सोमवार को छठे दिन जारी रहा। को-ऑपरेटिव बैंक्स स्टाफ एसोसियेशन एवं को-ऑपरेटिव बैंक्स इम्पलायज यूनियन के संयुक्त आह्वान पर 7 जून से जारी इन आन्दोलन में प्रदेश के दूसरे जिलों में कार्यरत जिला सहकारी बैंक मेरठ, बिजनौर व सहारनपुर के कर्मचारी भी अपनी मांगों को लेकर आन्दोलन की राह पर है।

जिला सहकारी बैंक के कर्मी अपनी लंबित मांगों को लेकर बीते 7 जून से आन्दोलन के प्रारंभ से बैंकों में विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर बैंक कार्य कर रहे हैं। मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन के चलते सोमवार को सायं 05 बजे कोर्ट रोड स्थित मुख्यालय पर भारी संख्या में एकत्रित होकर बैंक के कर्मचारियों ने निबन्धक सहकारिता तथा प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव बैंक लखनऊ के विरूद्ध नारेबाजी की गई। पूर्व घोषित कार्यक्रमानुसार कर्मचारियों ने लखनऊ मुख्यालय या सहकारिता विभाग को प्रेषित की जाने वाली सभी सूचनाओं का प्रेषण भी सोमवार से विरोध के चलते बन्द कर दिया। धरने पर मौजूद पदाधिकारियों ने बताया है कि विगत 18 माह से आयुक्त सहकारिता व सहकारिता मन्त्री समेत अनेक स्तरों पर कर्मचारी संगठनों ने नये वेतनमान लागू करने की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि तमाम शांतिपूर्ण प्रयासों को किसी भी स्तर पर गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में आन्दोलन के अतिरिक्त कोई दूसरा उपाय शेष नहीं रह गया। उन्होंने बताया कि संगठनों के केंद्रीय कार्यालय से आन्दोलन प्रारम्भ करने का नोटिस निबन्धक को दिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अब 26 जून को लखनऊ में निबन्धक का घेराव किए जाने के साथ मांगों का संज्ञान न लेने की स्थिति में फिर 28 जून को आन्दोलनरत जिला सहकारी बैंकों में पूर्ण हड़ताल एकमात्र विकल्प होगा। विरोध प्रदर्शन में सैंकडों कर्मचारियों ने भाग लिया।

# बेटी के भविष्य से चिंतित हुई घर से बेघर विधवा पहुंची डीएम के दरबार



**मुजफ्फरनगर, 12 जून (बु.)।** पति की मौत के बाद अपने ही घर से बेघर विधवा ने डीएम दरबार में दस्तक देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। विधवा का आरोप है कि उसके पति के हिस्से की संपत्ति को उसकी सास व जेठ-जेठानी नजरें गड़ाए हुए है और उसे बेचने की फिराक में है। पीड़िता ने इस मामले में डीएम से न्याय की गुहार लगाते हुए पति की एकमात्र निशानी उसकी पुत्री के भविष्य को ध्यान में रखते हुए ससुरालियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। सोमवार को कृष्णापुरी निवासी पारूल जैन पत्नी स्व. विभोर जैन ने डीएम को सौंपे गए शिकायती पत्र में अपनी सास सुधा पर अपने पति की मौत के बाद मात्र पहने हुए कपड़ों में ही घर से बाहर कर दिए जाने के आरोप लगाते हुए अब ससुरालियों पर घर में न जाने और संपत्ति को बेचे जाने के आरोप लगाए हैं। डीएम से मिली पारूल ने अपनी बेटी के अधिकारों के लिए पति की संपत्ति को बेटी के नाम किए जाने की गुहार लगाई। पीड़िता का आरोप है कि उसकी सास संपत्ति को बेचना चाहती है, जिससे उसके भविष्य को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। पीड़िता ने इस मामले में न्याय की गुहार लगाते हुए इस मामले में पैतृक संपत्ति को बेचने से रोके जाने की मांग की।

### महिला ने की विकलांग पुत्र की बरामदगी की मांग

**मुजफ्फरनगर, 12 जून (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव ककराला निवासी राजेश पत्नी महेन्द्र ने डीएम कार्यालय पर पहुंच गांव के ही एक युवक पर अपने विकलांग पुत्र राहुल को ले जाने का आरोप लगाते हुए स्थानीय पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने की बात की। इसके साथ ही पीड़िता ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई के साथ उसके विकलांग पुत्र की बरामदगी कराए जाने की मांग की है। पीड़िता का आरोप है कि 3 अप्रैल से गायब उनके पुत्र राहुल मामले में शिकायत के बावजूद भोपा पुलिस असगर के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। पीड़िता ने बताया कि उसके पुत्र के साथ इरशाद को देखा गया, जो सीसीटीवी में भी कैद है और जूते गाजियाबाद में मैट्रो में मिले है, लेकिन अभी तक उसके पुत्र को बरामद नहीं किया गया। पीड़िता ने आरोपी की गिरफ्तारी के साथ उसके पुत्र को बरामद किए जाने की मांग अधिकारियों से की है।

# धोबी समाज ने डीएम दफ्तर पर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**मुजफ्फरनगर, 12 जून (बु.)।** अखिल भारतीय मुस्लिम धोबी समाज के बैनर तले दर्जनों लोगों ने सोमवार को डीएम दफ्तर पर पहुंच शामली रोड लोहिया पुल काली नदी पर धोबी घाट व पूजा स्थल पर पक्का निर्माण किए जाने की मांग की। इसके साथ ही जिला प्रशासन से धोबी घाट पर भीषण गर्मी के चलते यहां के लोगों की जरुरत के आधार पर एक पानी की टंकी लगाए जाने की गुहार लगाई।

सोमवार को अखिल भारतीय मुस्लिम धोबी समाज के बैनर तले दर्जनों लोगों ने जिलाध्यक्ष मौ. नौशाद कस्सार के नेतृत्व में डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी के नाम सौंपे ज्ञापन में समाज के लोगों की जरुरत को ध्यान में रखते हुए उन्होंने शामली रोड लोहिया पुल काली नदी पर धोबी घाट व पूजा स्थल पर पक्का निर्माण किए जाने की मांग की। समाज के लोगों का कहना है कि यहां पर दशकों से उनके पिरवार कपड़े धोने का काम करते आ रहे है, लेकिन इन लोगों की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। समाज के लोगों ने जिला प्रशासन से धोबी घाट पर भीषण गर्मी के चलते यहां के लोगों की जरुरत के आधार पर एक पानी की टंकी लगाए जाने की गुहार लगाई। इस दौरान मुख्य रूप से तहसीन, युसूफ, जमालू, रियाजुद्दीन, शाकिर, यासीन, दानिश, राशिद, अकील, जावेद, कलवा, शाहनवाज, लियाकत आदि मौजूद रहे।

# किसान समस्याओं को लेकर भाकियू ने किया विरोध प्रदर्शन

### चकबंदी प्रक्रिया में सुधार के साथ कब्जा दिलाने की मांग, सौंपा गया ज्ञापन



**मुजफ्फरनगर, 12 जून (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के युवा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सोमवार को दर्जनों क्षेत्र के किसानों ने कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान डीएम के नाम सौंपे शिकायती पत्र ने क्षेत्रीय किसानों ने चकबंदी प्रक्रिया में भारी अनियमितता के साथ भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए दोषी अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस दौरान भाकियू कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में किसानों को न्याय न मिला तो भाकियू धरना प्रदर्शन को विवश होगी।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक युवा जिला अध्यक्ष अक्षय त्यागी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन कर डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी के नाम 4 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से भाकियू से जुड़े इन कार्यकर्ताओं ने जहां एक ओर पीलीभीत की एक विधवा महिला गुरमीत कौर के द्वारा जानसठ तहसील के गांव आलमपुर में वर्ष 2018 में खरीदी भूमि को दबंग से मिलीभगत के तहत चकबंदी कर्मचारियों द्वारा परेशान किया जा रहा है। वहीं गांव कुल्हेड़ी में किसान तालिब के खेतों में कीमत में हेरफेर करते हुए हल्का लेखपाल ने कीमत को सही किए जाने के साथ पीड़ित किसान को धमकाने के साथ बीस हजार रुपए मांगने की शिकायत की। इसके अलावा खिंदड़िया के किसान अमरजीत ने 6 वर्ष पहले बैनामा लिया था जिसका दाखिल खारिज आज तक न हो पाने के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं गांव पुरबालियान में बीते 35 वर्षों से चल रही चकबंदी प्रक्रिया के कारण स्थानीय किसानों का बुरा हाल है। ग्रामीणों ने डीएम से इस मुद्दे का स्थायी हल निकालने के साथ ही गांव में किसानों को उनके तय खेतों पर कब्जा दिलाए जाने की मांग की, ताकि भविष्य में इस क्षेत्र के किसान अपनी रोजी-रोटी का जुगाड़ कर सके। इस दौरान मुख्य रूप से नौशाद मलिक, कमल सिंह, शाह नजर त्यागी, अवनीश जैन, सूरज गौड समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर एएलसी कार्यालय पर हुआ जन जागरूकता कार्यक्रम




**मुजफ्फरनगर, 12 जून (बु.)।** अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर कार्यालय प्रांगण, सहायक श्रम आयुक्त मुजफ्फर नगर में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नियोजकों, पंजीकृत श्रमिकों एवं उपस्थित लोगों को बाल श्रम रोकने हेतु प्रभारी सहायक श्रम आयुक्त राज बहादुर यादव द्वारा शपथ दिलाई गई।

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार द्वारा अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा देने वाले बच्चों को शुभकामनाए देते हुए बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस की शुरूआत अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक संगठन द्वारा 22 में की गई। अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के आयोजन का उद्देश्य बच्चों से श्रम न कराकर उन्हें शिक्षा के लिए प्रेरित कर समाज की मुख्य धारा में लाना है। जनपद में बाल हित में निरंतर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम को सफल एवं सार्थक बनाने में श्रम प्रवर्तन अधिकारी शाहिद अली, श्रम प्रवर्तन अधिकारी रमेश कुमार एवम स्टाफ की विशेष भूमिका रही।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2023

सम्पादक की क़लम से

# भारत में शुगर के मरीज

एक विदेशी चिकित्सा पत्रिका के एक नवीन शोध अध्ययन के अनुसार भारत में 10.1 करोड़ लोग डायबिटीज से ग्रसित हैं। भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के एक सर्वे के मुताबिक भारत में 13.6 करोड़ लोग प्री-डायबिटीज के साथ जी रहे हैं। टाइप-2 डायबिटीज इस बीमारी का सबसे सामान्य रूप है। डायबिटीज में लोगों के शरीर में ब्लड शुगर की मात्रा बढ़ जाती है, क्योंकि शरीर पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन हार्मोन का निर्माण नहीं कर पाता है। इस हार्मोन के सही से काम नहीं कर पाने से भी डायबिटीज होती है। डायबिटीज को गोलियों और इंजेक्शन से कंट्रोल में रखा जाता है, कुछ देसी नुस्खे भी काम कर जाते हैं, लेकिन योग्य फिजिशियन की देखरेख में अंग्रेजी दवा का उपचार सटीक है। इन दिनों कुछ धूर्त टाइप के लोग आयुर्वेद के नाम पर डायबिटीज से सदा के लिए मुक्ति का दावा सोशल मीडिया पर विज्ञापनों के जरिए कर रहे हैं। इनका भ्रामक प्रचार डायबिटीज को बजाए कम करने के इतना बढ़ा देता है कि फिर फिजिशियन को भी डायबिटीज कंट्रोल करने में मुश्किल हो जाती है। मामला किडनी की खराबी और डायलीसिस तक पहुंच जाता है यानी नीम हकीम खतराए जान वाला मामला हो जाता है, ऐसे लोगों के विज्ञापन में लोग कहते हुए दिखाए जाते हैं मुझे इतने सालों से शुगर थी फिर मैंने इनकी दवा ली, अब मैं बिल्कुल ठीक हूँ ऐसी-ऐसी बातें बताकर ये अपना नकली दवा का धंधा चलाते हैं। ऐसे लोगों से उनके विज्ञापन और उनकी नकली दवा से बचना ही सेहत के लिए ठीक है। इस शोध को भारत के प्रत्येक राज्य को व्यापक रूप से कवर करने वाला शोध माना जा रहा है, जिसमें देश पर असंक्रामक रोगों के बोझ का आंकलन किया गया है। शोधकर्ताओं का मानना है कि भारत की आबादी में डायबिटीज का प्रसार पूर्व में लगाए गए अनुमानों से कहीं अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान था कि भारत में 7.7 करोड़ लोग डायबिटीज से ग्रसित होंगे और लगभग 2.5 करोड़ प्री-डायबिटीज की स्थिति में होंगे। डायबिटीज होने के खतरे को प्री-डायबिटीज कहा जाता है। प्री-डायबिटीज की स्थिति में होने वाले 60 फीसदी लोगों को अगले पांच सालों में ये बीमारी हो ही जाती है। एक दशक लंबा चले इस शोध में मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन ने इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के साथ मिलकर किया है। इसमें भारत के हर राज्य के बीस साल से अधिक उम्र के 1 लाख 13 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। इस शोध के लिए 2008 में इकट्ठा किए गए डेटा को नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की जनसांख्यिकी का इस्तेमाल करते हुए 2021 में एक्स्ट्रापोलेट किया गया। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे सरकार द्वारा स्वास्थ्य और सामाजिक संकेतकों का सबसे व्यापक घरेलू सर्वेक्षण है। शोध के मुताबिक डायबिटीज सर्वाधिक गोवा में है, जहां 26.4 प्रतिशत आबादी ग्रसित है। इसके बाद पुडुचेरी में 26.3 और केरल में 25.5 प्रतिशत लोगों में डायबिटीज है। इस शोध में डायबिटीज के उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार और अरुणाचल प्रदेश में तेजी से बढ़ने का खतरा जाहिर किया गया है। अभी तक इन प्रांतों में इसका प्रसार कम था। डायबिटीज ग्रामीण क्षेत्रों के मुताबिक शहरी क्षेत्रों में अधिक प्रचलित है। बदलती जीवन शैली, जीवन स्तर में सुधार, शहरों की ओर पलायन, अनियमित काम के घंटे, गतिहीन आदतें, तनाव, प्रदूषण, भोजन की आदतों में बदलाव और फास्ट फूड की आसान उपलब्धता कुछ ऐसे कारण हैं, जिनकी वजह से भारत में डायबिटीज बढ़ रही है। डायबिटीज अब सिर्फ शहरों में रह रहे लोगों या उच्च वर्ग की बीमारी भी नहीं रह गई है। छोटे शहरों और कस्बों में भी बड़ी संख्या में प्री-डायबिटीज के मरीज हैं। हाल के सालों में बड़ी तादाद में युवा मरीज भी बढ़ रहे हैं। डायबिटीज से दुनियाभर में हर 11 में से एक वयस्क प्रभावित है और इससे हार्ट अटैक, स्ट्रोक, अंधेपन और किडनी फेल होने का खतरा बढ़ जाता है। टाइप 1 डायबिटीज में पेंक्रियाज में हार्मोन इंसुलिन बनना बंद हो जाता है। इससे हमारे खून में ग्लूकोज की मात्रा बढ़ने लगती है। अब तक वैज्ञानिक ये पता लगाने में सफल नहीं हुए हैं कि ऐसा क्यों होता है, लेकिन इसे आनुवांशिकता और वायरल इन्फेक्शन से जोड़कर देखा जाता है। इससे पीड़ित लोगों में से लगभग दस फीसदी लोग टाइप 1 डाटबिटीज से पीड़ित होते हैं। टाइप 2 डायबिटीज में पेंक्रियाज में जरूरत के हिसाब से इंसुलिन नहीं बनता है या हार्मोन ठीक से काम नहीं करता है। ग्लूकोज की मात्रा को नियंत्रित करके डायबिटीज से बचा भी जा सकता है। संतुलित डाइट और व्यायाम करने से ऐसा किया जा सकता है। रोजाना की डाइट में सब्जियां, फल, फलियां, और साबुत अनाज लाभदायक हैं। संतुलित शारीरिक व्यायाम से भी ब्लड सुगर लेवल को कम किया जा सकता है। जिनकी उम्र अधिक नहीं है ऐसे लोगों को एक हफ़्ते में लगभग अढाई घंटे एरोबिक्स एक्सरसाइज करनी चाहिए, जिसमें तेज़ गति से टहलना और सीढ़ियां चढ़ना शामिल है। अगर शरीर का वज्न नियंत्रण में है तो ब्लड शुगर लेवल को आसानी से कम किया जा सकता है। डायबिटीज चैरिटी कॉन्फ्रेंस में जारी किए गए इस शोध के मुताबिक सात घंटे के भीतर हर आधे घंटे के अंतराल पर तीन मिनट चहलकदमी करने से डायबिटीज-1 के मरीजों के ब्लड शुगर स्तर में गिरावट देखी गई। ये शोध कुल 32 मरीजों पर किया गया है। डायबिटीज यूके का कहना है कि ये 'एक्टिविटी स्नैक' बिना खर्च के व्यवहारिक बदलाव ला सकते हैं। यह अविश्वस्नीय रूप से उत्साहजनक है कि इन निष्कर्षों से पता चलता है कि सरल और व्यवहारिक बदलाव करने से जैसे कि चलते हुए फोन पर बात करना या एक नियमित अंतराल पर सीट छोड़ने की याद दिलाने वाला रिमाइंडर सेट करने का ब्लड शुगर स्तर पर इतना व्यापक असर हो सकता है। शोधकर्ता इसके दीर्घकालिक प्रभावों को समझने के लिए आगे और शोध करने के लिए उत्साहित हैं। टाइप 1 डायबिटीज से ग्रसित लोगों के लिए 'एक्टिविटी स्नैकिंग' एक बड़े बदलाव की शुरूआत हो सकती है और वो आगे ज्यादा नियमित शारीरिक अभ्यास कर सकते हैं। अन्य लोगों के लिए ये ब्लड शुगर स्तर को नियमित रखने का एक आसान तरीका हो सकता है। शोधकर्ता मानते हैं कि नियमित अभ्यास या काम के दौरान समय-समय पर ब्रेक लेने से डायबिटीज का खतरा कम हो सकता है।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"रस्ते" "मुंह" "झंडा" "मुनाफिक"

सच्चे रस्ते से तो तुम मुँह मोड़ कर चलने लगे,
बेसबब उलझे हुए हो रास्ते से खो गए।
लाख तुम झण्डा लगाओ सब दिखावा ही तो है,
सोच नाकिस हो गयी है, तुम मुनाफिक हो गए।

# पुरानी पेंशन बहाली समेत कई मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

**बुढ़ाना, 12 जून (बु.)।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले आज सोमवार के दिन दर्जनों सफाई कर्मचारियों ने बुढ़ाना तहसीलदार सतीश चंद्र बघेल के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भिजवाया, जिसमें कहा गया है कि पंचायती राज विभाग में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की विभागीय सेवा नियमावली बनाई जाए। पंचायती राज विभाग के सफाई कर्मचारियों की पदोन्नति की जाए। सफाई कर्मचारियों को 1800 ग्रेड पे के स्थान पर 1900 ग्रेड पे दिया जाए। माह जून 2023 में ग्राम पंचायत अधिकारी की चयन प्रक्रिया में 20 प्रतिशत पदोन्नति के लिए पद सुरक्षित कर चयन प्रक्रिया की जाए। पंचायती राज विभाग में कार्यरत सफाई कर्मचारियों का पदनाम पंचायत सेवक किया जाए। प्रधान के नियंत्रण से मुक्त किया जाए और पुरानी पेंशन बहाल की जाए। यह ज्ञापन संघ के जिला अध्यक्ष अजीत कुमार वाल्मीकि और बुढाना ब्लाक अध्यक्ष दीपक कुमार के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन के दौरान जिला अध्यक्ष अजीत कुमार वाल्मीकि ने बताया कि उत्तर प्रदेश में लगभग एक लाख ग्रामीण सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनकी कतिपय मांगे लंबे समय से बनी हुई हैं, जिनका निराकरण नहीं हो पा रहा है। हालांकि आपके नेतृत्व में देश लगातार उन्नति व नई ऊंचाइयों को छू रहा है। ऐसी स्थिति में कर्मचारी लगातार आपकी तरफ बड़ी उम्मीद की नजर से देख रहा है। इसलिए मुख्यमंत्री जी हमारी मांगों को पूरा किया जाए। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से विपिन कुमार, सचिन चंद्रा, मुहम्मद बासिद, सुशील और विकेंद्र कुमार इत्यादि सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मारपीट में मां व बेटा हुए घायल

**कांधला, 12 जून (बु.)।** नईबस्ती निवासी 57 वर्षीया वृद्ध महिला हमीदन ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते रविवार को अपने घर बैठी थी, तभी पडोसी नजर व उसके परिवार ने बेटे जाकिर के साथ छींटाकशी करते हुए अभद्रता शुरू कर दी थी, जिसे लेकर गली में शोर-शराब हो गया। वृद्ध महिला ने मौके पर जाकर बीच बचाव का प्रयास किया, तो अरोपी पड़ोसी व परिवार के लोगों ने वृद्ध महिला व युवक के साथ मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पीड़िता ने अपना उपचार कराने के बाद थाने जाकर आरोपी नजर सहित लोगों के विरूद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही।

# दो सांड आपस में भिड़े, सड़क पर अफरा-तफरी मची

**जानसठ, 12 जून (बु.)।** पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर दो सांडों के आपस में भिड़ने से मार्ग अवरुद्ध रहा। राजमार्ग से गुजर रहे वाहन स्वामियों में एवं बाजार में अफरा-तफरी मची रही। स्थानीय प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। सड़क पर घूम रहे छुट्टा पशु दुर्घटनाओं को खुला निमंत्रण दे रहे हैं। पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर निर्माण कार्य चलने से मार्ग पर भीड़ भाड़ बनी हुई है। छुट्टा पशुओं का झुंड इधर से उधर घूमता रहता है। दोपहर में दो सांड आपस में भिड़ गए, जिसके चलते राजमार्ग से गुजर रहे वाहन चालकों में अफरा-तफरी मच गई एवं आसपास के दुकानदार भी इधर-उधर भाग लिये। काफी देर बाद कुछ वाहन चालकों ने छुट्टा पशुओं के झुंड को इधर-उधर लाठी डंडे लेकर दौड़ाया, तब कहीं जाकर राजमार्ग पर वाहनों का आना-जाना शुरू हो सका। स्थानीय नागरिकों एवं दुकानदारों का कहना है कि स्थानीय प्रशासन से कई बार छुट्टा पशुओं से निजात दिलाए जाने की मांग की गई है, परंतु स्थानीय प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं।



नागरिकों का कहना है कि आए दिन छुट्टा पशुओं के चलते सड़क पर दुर्घटनाएं घटती रहती हैं। कुछ दिन पूर्व सलारपुर गांव का एक युवक को भी छुट्टा पशु ने टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया था। इसके बावजूद भी स्थानीय प्रशासन छुट्टा पशुओं का कोई समाधान नहीं कर पा रहा है, जिसके चलते स्थानीय नागरिकों में स्थानीय प्रशासन के प्रति रोष बना हुआ है।

# दारुल उलूम ने लव जेहाद पर फतवे से किया इंकार

**मुजफ्फरनगर, 12 जून (बु.)।** दारुल उलूम ने लव जेहाद पर फतवा जारी करने से इंकार कर दिया है। यह दावा करते हुए क्रांति सेना व शिवसेना के पदाधिकारियों ने बताया कि आज दारुल उलूम देवबंद से लव जेहाद के संबंध में फतवा मामले में एसएसपी सहारनपुर से मुलाकात की और बताया की 10 जून को क्रांति सेना के प्रस्तावित कार्यक्रम दारुल उलूम मदरसे में जाकर मुस्लिम युवकों के कलावा बांधने के संबंध में प्रशासन द्वारा क्रांति सेना नेताओं को एक दिन पहले ही नजरबंद कर दिया गया था। इस पर क्रांति सेना नेताओं ने पुलिस प्रशासन के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त की उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से कहा की वे देवबंद मदरसे से फतवा मांगने की अनुमति दे। उन्होंने तुरत सीओ देवबंद को फोन करके क्रांति सेना शिव सेना नेताओं की मुलाकात देवबंद के किसी प्रतिनिधि से कराने के लिए कहा।



इसके बाद क्रांति सेना व शिव सेना नेताओं ने देवबंद जाकर सीओ देवबंद से मुलाकात की। उन्होंने दारुल उलूम मदरसा की प्रबंध समिति से वार्ता की, लेकिन दारुल उलूम मदरसे की प्रबंध समिति के द्वारा लव जेहाद के मामले में फतवा देने से इंकार कर दिया। इस पर क्रांति सेना नेताओं ने दारुल उलूम मदरसे पर आरोप लगाते हुए कहा की छोटी छोटी बातों पर फतवे जारी करने वालों ने लव जेहाद जेसे गंभीर विषय पर क्रांति सेना के द्वारा मांगे गए फतवे को ना देने से ऐसा प्रतीत होता है कि दारुल उलम मदरसे से पूरे देश के अंदर लव जेहाद की घटनाओं का समर्थन किया जा रहा है। ऐसी भी आशंका है कि दारुल उलूम मदरसा मुस्लिम युवकों को लव जेहाद करने के लिए फंडिग कर रहा हो। क्रांति सेना नेताओं ने घोषणा की कि दारुल उलूम मदरसा के खिलाफ क्रांति सेना शिवसेना मिलकर बहुत बड़ा आंदोलन शुरू करेगी और सरकार से इसके खिलाफ सीबीआई जांच की मांग करेगी। इस अवसर पर क्रांति सेना प्रदेश महासचिव मनोज सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवसेना डॉ. योगेंद्र शर्मा, क्रांति सेना प्रदेश उपाध्यक्ष योगेंद्र सिरोही, सहारनपुर मंडल अध्यक्ष शरद कपूर, मुजफ्फरनगर जिला अध्यक्ष शिवसेना मुकेश त्यागी, क्रांति सेना जिला अध्यक्ष सहारनपुर नीरज रोहिल्ला, ब्लॉक अध्यक्ष क्रांति सेना गंगोह प्रदीप सैनी प्रवीण कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बालासोर ट्रेन हादसा: पांच रेलवे कर्मचारी जांच के दायरे में

**नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसी)।** ओडिशा के बालासोर ट्रेन हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। लोगों के दिलों में बस ये ही सवाल था कि इतना बड़ा हादसा कैसे हो गया। हालांकि रेलवे ने इस मामले की जांच के लिए कई टीमें भी गठित की थी साथ ही सीबीआई भी इस मामले की अलग से जांच कर रही है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि ट्रिपल ट्रेन दुर्घटना मामले में बहनागा बाजार के स्टेशन मास्टर सहित पांच रेलवे कर्मचारियों की जांच की जा रही है। अधिकारी ने कहा कि जो कर्मचारी जांच के दायरे में हैं वे वर्तमान में सिग्नलिंग का काम कर रहे वे इस महीने की शुरूआत में दुर्घटना के समय ड्यूटी पर थे। सूत्रों ने कहा कि पांचों कर्मचारी वर्तमान में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं और भविष्य की कोई भी कमीशन ऑफ रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) द्वारा तैयार दुर्घटना जांच रिपोर्ट पर निर्भर करेगी। रेल मंत्रालय के अधिकारियों ने संदेह जताया कि इंटरलॉकिंग सिस्टम के संभावित मैनुअल से छेड़छाड़ हुई है। इंटरलॉकिंग सिस्टम, जो एक ऑटोमेटेड सिग्नलिंग सिस्टम है, उसमें गड़बड़ी को इस घटना की बड़ी वजह के तौर पर देखा जा रहा है। एक वरिष्ठ रेल अधिकारी ने कहा कि फिलहाल पांच रेलवे कर्मी जांच के केंद्र में हैं। सीआरएस से जल्द ही अंतिम रिपोर्ट मिलने की उम्मीद है। जांच की जा रही है कि क्या सिस्टम से छेड़छाड़ जानबूझकर की गई थी या गलती से या क्षेत्र में चल रहे रखरखाव के काम का परिणाम था।

# श्रीमद् भागवत कथा सुनने मात्र से ही कष्ट दूर हो जाते हैं- गोस्वामी

**जानसठ, 12 जून (बु.)।** श्रीमद् भागवत कथा करते हुए परम पूज्य आचार्य पारस गोस्वामी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने मात्र से ही मनुष्य के कष्ट अपने आप दूर हो जाते हैं। आदर्श कॉलोनी स्थित मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन श्रद्धालु महिलाओं द्वारा लड्डू गोपाल की कलश यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पर जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। कथा के प्रथम दिन कथावाचक परम पूज्य आचार्य पारस गोस्वामी ने कहा कि श्रीमद भगवत कथा सुनने मात्र से मनुष्य के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। कथावाचक ने श्रीमद् भागवत कथा के महत्व को बताते हुए श्रद्धालुओं से कहा कि अनंत जन्मों के पुण्य का उदय होता है, जब भागवत कथा सुनने का अवसर प्राप्त होता है। भागवत कथा को पुराणों में प्रेत पीड़ा विनाशकारी कहा गया है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को बचाने के लिए हम सब को आगे आना होगा, यदि सनातन धर्म ही सुरक्षित नहीं रहा, तो देश भी सुरक्षित नहीं रह पाएगा। भागवत कथा मनुष्य की सभी इच्छाओं को पूरा करती है। भगवत कथा ही साक्षात कृष्ण है और जो कृष्ण है, वहीं साक्षात भगवत है भगवत कथा भक्ति का मार्ग प्रस्तुत करती है कथा व्यास जी ने भी पांडवों के जीवन में होने वाली श्री कृष्ण की कृपा को बड़े सुंदर ढंग से दर्शाया है। इस दौरान प्रदीप कुमार, पोपेन्द्र कुमार, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।



# तालाब की भूमि पर कब्जा करने का आरोप

**कांधला, 12 जून (बु.)।** गांव निवासी एक युवक ने गांव प्रधान व उसके साथियों पर तालाब की भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है। क्षेत्र के गांव चढ़ाव निवासी कटार सिंह ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजते हुए बताया कि गांव में सरकारी भूमि खसरा संख्या 222 तालाब के रूप में दर्ज है, जिसमें गांव की निकासी का पानी जाता है। आरोप है कि ग्राम प्रधान रविन्द्र ने अपने भाई रमेश व साथी पलटू, धूम सिंह, रामधन, किशन, लाला, ब्रहमा, कलीराम, ओमप्रकाश, वेदपाल आदि दर्जनों अपने परिचितों के साथ मिलकर ग्राम समाज के तालाब पर कब्जा कर भराव करा दिया है, जिस कारण आने वाले दिनों में ग्राम में पानी की निकासी की समस्या बन जायेगी।

शिकायतकर्ता का कहना है कि एक और तो उत्तर प्रदेश सरकार अटल भूजल योजना के अन्तर्गत सभी गांवों में तालाबों के संरक्षण के लिए लाखों रुपए खर्च कर रही है। वहीं दूसरी और गांव प्रधान अपने साथियों के साथ मिलकर गांव के तालाब पर अवैध कब्जे कर रहा है। शिकायतकर्ता ने मामले की शिकायत कर जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। मामले को लेकर ग्राम प्रधान रविन्द्र का कहना है कि शिकायतकर्ता के सभी आरोप बेबुनियाद है। तालाब पूर्व की ही भांति है, वर्तमान में तालाब पर किसी प्रकार का कोई अतिक्रमण या भराव का कार्य नहीं कराया गया है। राजनीतिवश शिकायतकर्ता के द्वारा आरोप लगाए जा रहे है।

# दस दिवसीय समर कैम्प हुआ सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर, 12 जून (बुस.)।** माया पब्लिक स्कूल में आज दस दिन से चल रहे समर कैम्प का समापन बहुत धूमधाम के साथ हुआ। अभिभावकों के समक्ष बच्चों ने अपने सीखे हुए कार्यो का प्रदर्शन भी किया। सबने स्कूल व बच्चों के प्रयासों की सराहना की। प्रधानाचार्या मीनाक्षी बत्रा ने स्टॉफ के सहयोग की प्रशंसा करते हुए सबका धन्यवाद किया।



## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम **राजेश जैन** (RAJESH JAIN) था, परन्तु अब भविष्य में मुझे **राजेश कुमार जैन** (RAJESH KUMAR JAIN) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**राजेश कुमार जैन**
464-संजय मार्ग, नई मण्डी,
मुजफ्फरनगर-251001 (उ.प्र.)
मो. 9927004812

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम **असंग** (ASANG) पुत्र श्री **सुनील उत्सव** (SUNIL UTSAV) से **असंग** (ASANG) पुत्र श्री **सुनील कुमार** (SUNIL KUMAR) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे **असंग** (ASANG) पुत्र **श्री सुनील कुमार** (SUNIL KUMAR) के नाम से ही जाना, पहचाना व पुकारा जाये।

**असंग** (ASANG)
पुत्र श्री **सुनील कुमार**
(SUNIL KUMAR) निवासी गली नं. 7,
शहीद बचन सिंह कॉलोनी, सरवट,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)
पिन - 251001

## REQUIRED

**INDRAPRASTHA PUBLIC SCHOOL MORNA (M.Nagar)**

The School, Affiliated to C.B.S.E. (10+2) New Delhi Requires an Experienced Principal, P.G.T's in Physics, Physical Education, English, T.G.T's in English, S.St., Physical Education (Female), Computer, One Receptionist (Female), some P.R.Ts. and Some Mother Teachers. Teachers should be fully qualified & experienced. Free conveyance from Muzaffarnagar. Send your Bio-Data on Email- ipsmorna1999@rediffmail.com

**Contact at once: 9837620242, 9219665764**

# जिला आचार्य कुल द्वारा जिला अस्पताल ब्लड बैंक में वाटर कूलर का लोकार्पण

**मुजफ्फरनगर, 12 जून (बुस.)।** आज सोमवार को जिला अस्पताल मुजफ्फरनगर में मरीजों को शीतल जल उपलब्ध कराने हेतु ब्लड बैंक के बाहर वाटर कूलर की व्यवस्था जिला आचार्यकुल मुजफ्फरनगर द्वारा की गई ऐसी भीषण गर्मी में आने वाले मरीजों के तीमारदारों परिजनों के लिए शीतल जल उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर आचार्य कुल के प्रांतीय अध्यक्ष होती लाल शर्मा, डॉ. राकेश कुमार सीएमएस, पीके त्यागी ब्लड बैंक प्रमुख, डॉ. शिवराज सिंह, सुभाष चंद्र त्यागी फार्मेसिस्ट, अनिल कुमार, प्रमोद, डॉ. योगेंद्र तिरखा एवं आचार्यकुल संस्था के भाई-बहन उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष चौ. राजवीर सिंह, चौ. देवराज जिला उपाध्यक्ष, शशि गोयल, अर्चना गोयल, विनोद चौहान, महेंद्र चौहान, आचार्य सीताराम, आचार्य सत्य प्रकाश, अशोक कुमार गुप्ता, भरत शर्मा, काजी तनवीर आलम, निर्मला, कुंवर उदित राज पंवार, सुषमा सिंह आदि मौजूद रहे। सीएमएस एवं पीके त्यागी ने आचार्य कुल के कार्यो की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए जिला चिकित्सालय में आचार्यकुल द्वारा पूर्व में किए गए योगदान के लिए विशेष प्रमाण-पत्र देकर आचार्य कुल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सम्मान किया।



# 11 धूणों के बीच बैठकर की 21 दिन तक तपस्या

**कांधला, 12 जून (बु.)।** गांव भारसी में युवक ने 21 दिन आग से दहकते 11 धूणों के बीच बैठ कर तपस्या की थी। तपस्या के पूर्ण होने पर यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। गांव भारसी के निवासी धर्मेन्द्र पंवार ने जनकल्याण की भावना से प्रेरित होकर गांव में खेत पर 11 आग के धूणों व भीषण धूप के बीच बैठकर कठिन तपस्या की थी। सोमवार को तपस्या के 21 दिन पूर्व होने पर यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें तपस्वी धर्मेन्द्र पंवार सहित गांव के कई लोगों ने विश्व मंगल की कामना हेतु अग्निकुण्ड में आहूति प्रदान की। धर्मेन्द्र पंवार ने कहा कि उन्होंने यह तपस्या गांव की सुख-शांति के लिए की है। संत हमेशा समाज के लिए जीते हैं। यदि समाज में शांति रहेगी, तो संत भी खुश रहेंगे। कोई भी संत समाज को निराश, हताश व परेशान नहीं देख सकता। संत धर्म की रक्षा, धर्म के प्रचार व धर्म की विजय के लिए तप, जप व शरीर पर कष्ट सहन करते हैं। कोई भी संत हिंसा का संदेश नहीं देता। संत हमेशा समाज को अहिंसा का संदेश देकर न्याय की लड़ाई लड़ते हैं। यज्ञ पूर्ण होने के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के साथ सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम मे अरविन्द पंवार जिपं सदस्य, चौधरी सेवा राम, राजेश पंवार, विपिन, मुन्नू, पंकज पंवार, रामपाल, सत्येन्द्र, पंवार और सभी लोग मौजूद रहे।

## रस्म पगड़ी/तेरहवीं

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥



अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्य **श्रीमती संगीता गोयल पत्नी स्व. मुकेश कुमार जी** का स्वर्गवास दिनांक 04 जून 2023, दिन रविवार को हो गया है प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

रस्म पगडी दिनांक 14 जून दिन बुधवार को होगी।

रस्म पगड़ी 02 बजे दोपहर

कार्यक्रम स्थान

**वर्धमान जैन धर्मशाला, नई मंडी, मुजफ्फरनगर**

शोकाकुल

विपिन गोयल (देवर)
अतुल गोयल (देवर)
मनोज गोयल (देवर)
सौरभ-सौम्या अग्रवाल (दामाद-पुत्री)
बादल-रिशु जैन (दामाद-पुत्री)

निकेत गोयल (पुत्र)
गौरव गोयल, सौरभ गोयल (भतीजे)
मंयक गोयल, अक्षत गोयल (भतीजे)
कृष्णा गोयल, मुदित गोयल (भतीजे)
सारा, जानवी, विहान (नाती-नातिन)
एवं समस्त गोयल परिवार

प्रतिष्ठान

कुमार ट्रेडिंग कम्पनी, 142 बी, नवीन मण्डी स्थल, मुजफ्फरनगर
लक्ष्मी ट्रेडर्स, 71 बी, नवीन मण्डी स्थल, मुजफ्फरनगर
गोयल एण्टरप्राईजेज, घेरखत्ती, नई मंडी, मुजफ्फरनगर

मो. 9997900800, 7455888558, 9540702722
नोट: आपसे अनुरोध है कि कृपया पगड़ी न लायें।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, सात घायल

**कांधला, 12 जून (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया, जिसमें तीन महिलाओं सहित 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिये रेफर किया गया है। घटना के सम्बन्ध में दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है। गांव सुन्ना निवासी सुरेश कुमार और सुभाष दोनों पड़ोसी हैं। दोनों पक्षों के बीच जमीनी विवाद को लेकर रंजिश चल रही है। दोनों ओर से न्यायालय में भी जमीन को लेकर वाद चल रहा है। सोमवार को सुभाष पक्ष जमीन पर निर्माण कार्य करा रहा था, जिसका सुरेश पक्ष ने मौके पर पंहुचकर विरोध किया और डायल 112 पुलिसकर्मियों को बुलाकर निर्माण कार्य को रूकवाने प्रयास किया। पुलिस के चले जाने के बाद दोनों पक्षों के बीच तीखी झड़प शुरू हो गई और झड़प मारपीट में बदल गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया और जमकर मारपीट की। दोनों पक्षों के बीच खूनी संघर्ष होता देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को मामले की सूचना देकर मौके पर बुला लिया। पुलिस ने मौके पर पंहुचकर दोनों पक्षों को हटाते हुए विस्फोटक स्थिति होने से बचा लिया। खूनी संघर्ष के दौरान सुरेश व उसका बेटा सोनू तथा दूसरे पक्ष से तेजपाल, सुभाष, मोनी, सोनी, अमरेश गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र में लाया गया, जहां दोनों पक्षों के बीच फिर झगड़ा शुरू हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को हिदायत देकर शांत कराकर डॉक्टरी परीक्षण कराया। डॉ. ने तेजपाल, सुरेश सहित अन्य चार लोगों को उपचार के लिये गंभीर हालत में रेफर कर दिया है। घटना के सम्बन्ध में सुरेश और सुभाष पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है। थाना प्रभारी समयपाल अत्री का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोषी लोगों के विरूद्ध सख्त कार्रवाही की जायेगी।



# संगीत सोम ने ग्रामीणों से किया संवाद

**चरथावल, 12 जून (बु.)।** सरधना क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक ठाकुर संगीत सोम ने कसौली पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि योद्धा और पृथ्वी राज चौहान के सेनापति की प्रतिमा को शासन से अनुमति लेकर नियमानुसार लगवाया जाएगा। सोमवार को पूर्व विधायक कसौली गांव में भाकियू अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष ठाकुर कुशलवीर सिंह के आवास पर पहुंचे। वहां कसौली, दूधली, छिमाऊ, बलवाखेड़ी आदि गांव के लोग पहुंचे। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही शासन से बातचीत के बाद ठाकुर धीर सिंह पुंडीर की प्रतिमा रोनी हरजीपुर में स्थापित कराने का कार्य किया जाएगा। मोंटी अटेरना, नीतू सरधना देहात, सुनील प्रधान सलावा, गौरव शाहपुर, पीयूष मंडोरा, धीरेंद्र सिंह कलंदी, भंडारी प्रमुख दौराला, पूर्व प्रधान दूधली ठाकुर महेंद्र सिंह, ठाकुर सुभाष सिंह, ठाकुर धीर सिंह पुंडीर, मुकेश कुमार छिमाऊ, सुरेश भगत, जनक सिंह, भंवर सिंह, पवन सिंह, अंकुर राणा, रितिक राणा, प्रदीप सिंह, श्याम सिंह, ऋषि राम आदि मौजूद रहे।

# यमुना में डूबे दोनों युवकों के शव बरामद

**कैराना, 12 जून (बु.)।** एक दिन पहले यमुना नदी में स्नान करने के दौरान डूबे दोनों युवकों के शव यमुना नदी से बरामद किये गये हैं। तलाशी के दौरान गोताखोरों ने एक अज्ञात युवक का शव भी बरामद किया। तीनों शवों को पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेजा गया है। रविवार शाम करीब 6 बजे बिहार के जनपद गोपालगंज निवासी 26 वर्षीय रंजीत अपने अन्य चार साथियों के साथ यमुना में नहाने आया था। नहाने के दौरान रंजीत गहरे पानी में डूब गया था। बताया गया है कि रंजीत पानीपत स्थित एक धागा फैक्ट्री में मजदूरी करता था। इसके अलावा शाम करीब 7 बजे पानीपत के बबेल नाका निवासी 28 वर्षीय संदीप भी अपने साथियों के साथ यमुना में स्नान करने आया था। संदीप भी गहरे पानी में डूब गया था। अंधेरा होने के कारण गोताखोरों द्वारा यमुना में डूबे दोनों युवकों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन नहीं चलाया जा सका था। सोमवार सुबह गोताखोरों ने यमुना में डूबे दोनों युवकों की तलाश शुरू की। यमुना में सर्च ऑपरेशन के दौरान सुबह करीब 10 बजे गहरी खाई से गोताखोरों ने संदीप का शव बरामद किया। इसके अलावा शाम करीब साढ़े 4 बजे बिहार निवासी 26 वर्षीय रंजीत का शव करीब 3 किलोमीटर आगे यमुना नदी से बरामद किया गया है। मृतक युवकों के परिजनों में कोहराम मच गया। सर्च ऑपरेशन के दौरान संदीप व रंजीत के शव से पहले एक अन्य अज्ञात युवक का शव भी यमुना नदी से बरामद हुआ। यमुना ब्रिज पुलिस चौकी इंचार्ज मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पानीपत के बबेल नाका निवासी संदीप व बिहार निवासी रंजीत के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इसके अलावा अज्ञात में मिले एक युवक के शव की पहचान नहीं हो सकी हैं। मृतक अंडरवियर पहने हुए हैं। प्रथम दृष्टया मृतक युवक मुस्लिम है। अज्ञात युवक के शव को मोर्चरी में पहचान कराने हेतु 72 घंटे रखा जायेगा, जिसके बाद पोस्टमार्टम कराने के बाद उसका क्रियाकर्म कराया जायेगा।





## अमेरिका में पीएम नरेन्द्र मोदी रचेंगे इतिहास



नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जून से 24 जून तक अमेरिका की यात्रा पर होंगे। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई महत्त्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर होने के अनुमान हैं। दोनों ही देशों में इस यात्रा को लेकर बहुत उत्साह देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि यह यात्रा दोनों देशों के पारस्परिक संबंधों को एक नई ऊंचाई देने का काम करेगी। लेकिन अमेरिका यात्रा से लौटते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएंगे। वे 25 जून को भाजपा के दस लाख मंडल स्तरीय कार्यकताओं को संबोधित करेंगे और उन्हें अपने बूथ पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का संदेश देंगे। पहले यह कार्यक्रम भाजपा के संस्थापक पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि 23 जून पर होना था, लेकिन प्रधानमंत्री की अमेरिकी यात्रा को देखते हुए इसे 25 जून को कर दिया गया है। भाजपा सूत्रों के अनुसार, पीएम नरेंद्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मंडल स्तरीय कार्यकताओं से बात करेंगे। बैठक में सभी लोकसभाओं में बनाई गई दो सदस्यीय विशेष कमेटी के लोग भी शामिल होंगे, जिनके ऊपर उस लोकसभा में जीत सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री इन कार्यकताओं को भी सुनेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान भी देंगे। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देश के सभी मंडलों-जिलों और पार्टी के प्रदेश मुख्यालयों पर वीडियो कांफ्रेंसिंग की सुविधा बनाई जा रही है। कार्यक्रम में सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ता शामिल हो सकते हैं।

## पीएम मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी मामले में राहुल गांधी की पेशी अगस्त तक बढ़ाई



मुंबई, 12 जून (एजेंसी)। बॉम्बे हाईकोर्ट ने राहुल गांधी को पीएम मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी मामले में राहत दी है, इस मामले में गुजरात की एक अदालत के समक्ष पेश होने से मिली अंतरिम राहत की अवधि सोमवार को दो अगस्त तक बढ़ा दी। राहुल गांधी ने 2018 में पीएम मोदी के खिलाफ टिप्पणी की थी, जिसके बाद उनके खिलाफ मानहानि की एक शिकायत की गई थी। शिकायतकर्ता ने कोर्ट में बताया कि राफेल लड़ाकू विमान सौदे के संदर्भ में राहुल गांधी की "कमांडर-इन-चोर" टिप्पणी मानहानि के समान है। शिकायतकर्ता भाजपा कार्यकर्ता होने का दावा करता है। न्यायमूर्ति एस वी कोतवाल की सिंगल बेंच ने शिकायतकर्ता के वकील द्वारा समय मांगे जाने के बाद 2021 में स्थानीय अदालत द्वारा उन्हें जारी समन को चुनौती देने वाली गांधी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति कोतवाल ने कहा कि पहले दी गई अंतरिम राहत दो अगस्त तक जारी रहेगी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि गांधी ने सितंबर 2018 में राजस्थान में आयोजित एक रैली में पीएम मोदी के खिलाफ अपमानजनक बयान दिया था। शिकायत के अनुसार, चार दिन बाद (रैली के बाद), गांधी ने कथित तौर पर एक वीडियो पर टिप्पणी की और अपने निजी ट्विटर अकाउंट पर पोस्ट किया था।

## वाराणसी जी-20 सम्मेलन पीएम ने दिया एक धरती एक परिवार का नारा

वाराणसी, 12 जून (एजेंसी)। **वाराणसी में तीन** दिवसीय चल रही जी-20 बैठक में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से प्रतिनिधियों का स्वागत किया। बैठक में दुनिया की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाने वाले जी20 देशों के विकास मंत्रियों ने भारत के वसुधैव कुटुंबकम की धारणा को आत्मसात किया और सभी तरह की चुनौतियों से एक परिवार की तरह पार पाने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई। भारत की तरफ से एक धरती, एक परिवार व एक भविष्य का प्रस्ताव रखा गया। इस पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने सहमति जताई। हस्तकला संकुल में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की अध्यक्षता वाले सम्मेलन में दक्षिणी गोलार्ध सहित दुनियाभर के सभी देशों की चुनौतियों पर चर्चा की गई। साथ ही कहा गया कि एक परिवार, एक भविष्य व एक पृथ्वी के संकल्प के साथ आगे बढ़ना है। कोरोना महामारी के बाद की स्थिति, जलवायु परिवर्तन और जरूरतमंद लोगों की मदद के वैश्विक प्रयासों को बढ़ाने पर सहमति बनी।

## महिला अधिवक्ता के हत्या आरोपी को वकीलों ने पीटा

मेरठ , 12 जून (एजेंसी)। मेरठ में अधिवक्ता डॉ. अंजली गर्ग हत्याकांड के मुख्यारोपी रमेश भाटी की सोमवार को पेशी के दौरान पिटाई कर दी गई। कोर्ट के बाहर वकीलों ने आरोपी को जमकर पीटा। बताया गया कि पुलिस ने सोमवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया था। इसी दौरान गुस्साए वकीलों ने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी पिटाई करनी शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस वकीलों से बचाकर आरोपी को ले गई। बता दें कि शूटरों ने महिला अधिवक्ता की घर के बाहर दिनदहाड़े हत्या की थी। टीपी नगर पुलिस ने रविवार रात को आरोपी रमेश भाटी को गिरफ्तार किया था। बताया गया था कि मकान के कब्जे के विवाद में सुरेश भाटी ने ही अंजली की हत्या की साजिश रची थी।

## किसानों ने किया हाईवे जाम

कुरुक्षेत्र, 12 जून (एजेंसी)। न्यूनतम समर्थन मूल्य यानि एमएसपी की मांग पर सरकार से बातचीत विफल होने के बाद किसानों ने जम्मू-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया। जाम का असर अंबाला में भी देखने को मिला। जाम से पहले ही पुलिस ने रूट डायवर्ट का प्लान बना रखा था। जैसे ही किसान हाईवे पर बैठे तो भारी पुलिस बल ने जगह-जगह नाकेबंदी कर डायवर्ट रूट पर वाहनों को भेजना शुरू कर दिया। एमएसपी पर सूरजमुखी खरीद की मांग को लेकर किसानों की पिपली अनाजमंडी में एमएसपी दिलाओ किसान बचाओ महारैली हुई। किसानों की रैली को देखते हुए सरकार ने किसान नेताओं से एक घंटे का समय मांगा, लेकिन वार्ता सिरे नहीं चढ़ पाई। जिसके बाद किसानों ने हाईवे जाम कर दिया। किसान बोले कि सरकार के पास रात 10 बजे तक का समय है। कोई फैसला ले सरकार नहीं तो आंदोलन की कमान संयुक्त किसान मोर्चा के हाथ होगी और मामला राष्ट्रीय स्तर का होगा। जिसके बाद यह आंदोलन और बड़ा रूप ले लेगा। कंडेला खाप के अध्यक्ष टेकराम कंडेला व किसान नेता सुरेश कोथ ने कहा कि सरकार के साथ जिला प्रशासन के माध्यम से बातचीत चल रही है और फिलहाल सकारात्मक संदेश मिला है। इसी के चलते सरकार को 2 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया और अगर सरकार इस समय के दौरान कोई फैसला नहीं ले पाती तो यह आंदोलन संयुक्त किसान मोर्चा के हाथ होगा और कोई बड़ा फैसला लेकर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। सुरेश कोथ ने कहा कि रात 10:00 बजे तक आंदोलन की कमान स्थानीय किसान कमेटी के हाथ रहेगी। जिसका नेतृत्व भाकीयू प्रदेश अध्यक्ष करम सिंह मथाना कर रहे हैं।

# कम नहीं हो रही पूर्व चेयरमैन अंजू अग्रवाल की मुश्किलें

**▸ कार्यकाल में किए विकास कार्यो की पड़ताल को पहुंची टीम ▸ खंगाल रही शिकायतों के आधार पर दस्तावेज व फाइलें**

मुजफ्फरनगर, 12 जून (बु.)। नगरपालिका परिषद की निवर्तमान चेयरमैन अंजू अग्रवाल की मुश्किलें पद से हटने के बाद भी कम होती दिखाई नहीं दे रही हैं। अपने 5 वर्ष के कार्यकाल के अंतिम वर्ष में फजीहतों के बीच मुख्यालय से लखनऊ तक चर्चाओं में रहे उनके कार्यकाल का अब विशेष ऑडिट शुरू हो जाने से वें फिर चर्चा में हैं। वार्ड सभासद राजीव शर्मा की पूर्व में की गई शिकायत के आधार पर सोमवार को पालिका में पहुंची दो सदस्यीय विशेष ऑडिट टीम ने उनके कार्यकाल में किए गए पूर्व पालिका बोर्ड में हुए12 दिसम्बर 2017 से 19 जुलाई 2022 तक किए विकास कार्यो की पत्रावलियां खंगालने के साथ जांच शुरू कर दी है।

मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद की निर्वतमान चेयरमैन अंजू अग्रवाल अपने पूर्व में किए गए क्रिया कलापों के बूते आज भी सुर्खियों में हैं। अब से करीब 8 माह पूर्व पालिका के सभासद राजीव शर्मा और मनोज वर्मा ने पालिका की अध्यक्षा रही अंजू अग्रवाल की प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग को शिकायत की थी। उक्त शिकायत की जांच के बाद में अंजू अग्रवाल के वित्तीय अधिकार सीज करते हुए उन्हें शासन द्वारा पद से हटा दिया गया था। इस मामले में हालांकि राहत पाने की खातिर निर्वतमान चेयरमैन अंजू अग्रवाल हाईकोर्ट की शरण में चली गई तो कोर्ट के आदेश पर उनके कार्यकाल में हुए कार्यो की तब प्रयागराज से आई जांच टीम ने ऑडिट किया। इसके बाद ऑडिट की रिपोर्ट भी न्यायालय में लगाई गई। प्रकरण की दोबारा जांच की मांग की। इसके बाद में विशेष ऑडिट के आदेश किए गए। सोमवार को उप निदेशक लेखा परीक्षा विभाग मेरठ एवं सहारनपुर मंडल देवेन्द्र कुमार के निर्देशन में दो सदस्यीय टीम ने नगरपालिका परिषद कार्यालय में पहुंचकर विशेष ऑडिट के लिए लेखा विभाग में संपर्क किया। इस बीच यहां पर सहारनपुर से लेखा परीक्षा अधिकारी संदीप कुमार व उनके साथ शामली के एक अधिकारी ने नगर पालिका के लेखा विभाग के साथ मिल कर उस वक्त किए गए कार्यो और भुगतान से जुड़े दस्तावेजों व पत्रावलियों को खंगालने के साथ जांच कार्य शुरू कर दिया। इस संबंध में जांच टीम में शामिल संदीप कुमार ने बताया कि नगर पालिका में सोमवार को उनके द्वारा पूर्व पालिका बोर्ड में हुए12 दिसम्बर 2017 से 19 जुलाई 2022 तक किए विकास कार्यों का ब्यौरा पालिका के संबंधित कर्मचारियों से विभागवार मांगा गया है। उनका कहना है कि इसके लिए अभी समय लगेगा। उन्होंने दावा किया कि हम समय सीमा के भीतर अपनी जांच रिपोर्ट सौंपने के प्रयास करेंगे।

## वैश्य पालिकाध्यक्षों का अभिनंदन, मुजफ्फरनगर के साथ शामली व देवबंद के चेयरमैन हुए शामिल

मुजफ्फरनगर, 12 जून (बु.)। अखिल भारतीय अग्रजन महासभा द्वारा प्रमोद कुमार गुप्ता, (पूर्व केन्द्रीय नाजिर, सिविल कोर्ट, मुजफ्फरनगर) के संयोजन में सहारनपुर मण्डल की नगर पालिका परिषदों के वैश्य अग्रवाल समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्षों के सम्मान में एक समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुजफ्फरनगर की पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, शामली के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरविन्द संगल और देवबंद के पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग का बैज लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव बसन्त कुमार गोयल ने व अध्यक्षता ब्रह्म स्वरूप ने की। गायक सत्यपाल सिंह ने एक से बढ़कर एक गीत सुनाए। मुरादाबाद से विशेष रूप से पधारे शिशिर गोयल ने काव्य पाठ किया । पूर्व अधिशासी अभियन्ता माम चन्द गुप्ता, भाजपा नेता सौरभ स्वरूप बंसल, सुनील तायल, जनार्दन स्वरूप, राजकुमार आदि ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम आयोजन में चारू मसाले की निदेशक अम्बिका गुप्ता, कमलेश गुप्ता, रश्मि गुप्ता, शिल्पा गुप्ता, शिखा गोयल, कपिल गुप्ता, एडवोकेट, महेश गोयल, राजीव गोयल, मुजफ्फरनगर जनपद अध्यक्ष उपजा, पूर्व सभासद पुष्प राज, प्रवीण बंसल, पंकज तायल, प्रदीप सिंघल, प्रशान्त कुच्छल, विनोद सिंघल, आदेश सिंघल, नरेश सिंघल आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी योगेश गोयल व विजय कुमार गर्ग, सुभाष, सुशील, अनिल, अनमोल आदि उपस्थित रहे।




## शेष : विकास तीर्थ की यात्रा कराने हाईवे पर उतरे दोनों मंत्री



### विकास तीर्थ यात्रा के दौरान दोनों मंत्रियों का जनता ने किया अभिनंदन

छपार। रामपुर तिराहे पर केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने प्रदेश से मंत्री कपिल देव अग्रवाल के साथ पानीपत-खटीमा हाइवे का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने जगह जगह लोगों की समस्याओं को सुना, तो जनता ने भी कई स्थानों पर दोनों मंत्रियों का भव्य स्वागत किया। निर्माणाधीन हाइवे का निरीक्षण करने के लिए सोमवार दोपहर डॉ. संजीव बालियान व कपिल देव अग्रवाल पहुंचे। मंत्रियों के आने का पता चलने पर ग्रामीण व पार्टी कार्यकर्ता भी पहुंच गए। जिन किसानों की भूमि हाइवे निर्माण में गई है, उन्हें भी निरीक्षण के दौरान बुलाया गया। समस्याओं के निस्तारण को लेकर संबंधित अफसरों को मौके पर ही निर्देश दिए गए। मंत्रियों ने रामपुर में ज़िला पंचायत सदस्य अमित रावल के निवास पर कार्यकर्ताओं से चर्चा की। इस दौरान पूर्व विधायक अशोक कंसल, प्रमुख सदर अमित चौधरी, प्रमुख अक्षय पुंडीर, अनिल त्यागी, मनीष त्यागी, नरेश कोरी, रजत धीमान, राजू पुंडीर, यतेंद्र त्यागी उर्फ टीटू आदि मौजूद रहे। इसके साथ ही पीनना पहुंचने पर गौरव पंवार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने ढोल के साथ स्वागत किया, तो वहीं कल्लरपुर कछौली, रामपुर तिराहा और सिसौना में भी दोनों मंत्रियों का ग्रामीणों ने दिल खोलकर स्वागत किया।



चूंकि यह केंद्र की समस्या नहीं थी और इसको राज्य सरकार को देखना था तो हाईवे अथॉरिटी ने भी इसके निर्माण की आवश्यकता से इंकार कर दिया। इस पर 1200 करोड़ को एक बड़ा बजट खर्च होना था। केंद्र सरकार ने जनता की समस्या को सम-ाा और इसे स्वीकृति देकर बड़ा काम किया। यहां पर जमीन की कोई कीमत नहीं थी, रास्ते भी नहीं थे, जंगल था, आज यहां पर विकास का शिखर खड़ा नजर आ रहा है, जो जमीन एक रुपये मूल्य की भी नहीं थी, आज उसके लिए 50 लाख रुपये बीघा का रेट मिल रहा है, यहां पर आगामी दिनों में उद्योग लगेंगे, होटल बनेंगे और रोजगार के नये साधन विकसित होंगे, यही विकास तीर्थ है। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि अगले दो माह में यह पूर्ण हो जायेगा और पांच हजार करोड़ रुपये की लागत से बन रहे पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग का जानसठ से आगे तक का हिस्सा बनकर दिसम्बर में तैयार होगा, इसे जनता को समर्पित कर दिया जायेगा। इस अवसर पर रास्ते में निर्माण कार्यों की जानकारी भी उन्होंने ली और जनता के साथ पैदल भ्रमण किया तथा कई जगह अधूरे कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान विकास तीर्थ कार्यक्रम के संयोजक अचिंत मित्तल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, सभासद योगेश मित्तल, ब्लाक प्रमुख चरथावल अक्षय कुमार, ब्लॉक प्रमुख शाहपुर अरविन्द त्यागी, गौरव पंवार, ब्लाक प्रमुख पति अमित चौधरी, पूर्व सभासद बिजेंद्र पाल, संजय गर्ग, जिला पंचायत सदस्य अमित रावल, विशाल गर्ग, रेणु गर्ग, सुनील दर्शन आदि इस दौरान मौजूद रहे। बाद में केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान ने निर्माणाधीन काऊ सेंचुरी पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## अब हवा में भी बस चलाने का करूंगा काम: नितिन गडकरी



देवरिया, 12 जून (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मैं डंके की चोट पर कह रहा हूं कि आने वाले समय में इतना विकास होगा कि हवा में भी बस चलेगी। पानी में जहाज उतारने का काम करूंगा। किसानों को अन्नदाता ही नहीं ऊर्जा दाता बनने की जरूरत है। पेट्रोल, डीजल की जगह पर एथेनाल से वाहनों को चलाया जाएगा, जिससे विदेश को जाने वाले 16 लाख करोड़ की बचत होगी।

बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री ने सोमवार को देवरिया के चीनी मिल ग्राउंड में छह हजार करोड़ की पांच परियोजनाओं के शिलान्यास के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि किसानों का भविष्य गेहूं, चावल, गन्ना उगाने से नहीं संवरेगा। देश के विकास के लिए गांव, गरीब का विकास जरूरी है। इसके लिए स्मार्ट गांव बनाना होगा। रोड के विकास से देश तरक्की करेगा। कहा कि देश में मौजूदा समय में एथेनाल बनाया जा रहा है, लेकिन इसे और बढ़ाने के लिए सभी को सहयोग करना होगा। पेट्रोल के दाम बढ़ने के चलते पड़ोसी देश श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल सरकार भारत से एथेनाल की डिमांड कर रही है। आने वाले समय में देश उनकी मांगों को पूरा करने में सक्षम होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने कहा कि भारत भरोसे और विश्वास का प्रतीक बन रहा है। निकाय चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों की ऐतिहासिक जीत पर जनपदवासियों को धन्यवाद दिया। कहा कि 2024 के लोकसभा के चुनाव में भी भाजपा की सरकार एक बाद फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनाने का समर्थन मांगा।

## रुड़की में युवक की मौत के बाद बवाल, पथराव और आगजनी

### दो इंस्पेक्टर समेत पांच घायल, धारा 144 लागू

रुड़की। रुड़की में ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से युवक की मौत के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि ग्रामीणों ने पुलिस पर पत्थरबाजी कर दी। इसमें दो इंस्पेक्टर, एक दरोगा समेत पांच लोग घायल हो गए। उपद्रवियों ने एक बाइक को भी आग के हवाले कर दिया। बवाल बढ़ने पर पुलिस ने पहले तो आंसू गैस के गोले छोड़े, लेकिन हालात नियंत्रण में न आने पर लाठीचार्ज किया। देर शाम गांव की 10 किलोमीटर की परिधि में धारा 144 लागू कर दी गई। देर रात जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस ने पथराव करने वाले करीब 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। रविवार रात सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र स्थित बेलड़ा गांव निवासी पंकज (35) बाइक से अपने गांव लौट रहा था। रात 11 बजे के करीब वह ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। सोमवार को युवक के परिजन और ग्रामीणों ने कुछ लोगों पर सरिये से हमला करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली घेर ली। दोपहर बाद लोगों ने पुलिस से धक्का-मुक्की और हाथापाई भी की। पुलिस ने लाठियां फटकारकर किसी तरह लोगों को वहां से खदेड़ा तो लोग बेलड़ा गांव पहुंच गए। हाईवे जाम करने की आशंका के चलते भारी पुलिस बल भी वहां पहुंच गया। यहां ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसमें दो इंस्पेक्टर, एक दरोगा घायल हो गए। घायल पुलिस अधिकारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का दावा है कि रात आठ बजे तक बवाल शांत कर लिया गया था।

# तप रही दुपहर, सेहत पर गर्मी का कहर

मुजफ्फरनगर, 12 जून (बु.)। आग बरसाते मौसम में पारा 40 डिग्री के करीब बना हुआ है। आज भी अधिकतम तापमान 39.1 और न्यूनतम 25.2 डिग्री रहा। इसके साथ बिजली की लगातार अघोषित कटौती और लो वोल्टेज की समस्या परेशानी बढ़ा रही है। अभी राहत के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। गर्मी का मौसम सेहत पर भारी पड़ रहा है।

जेठ के सुकून से बीतने के बाद अब आषाढ़ की धूप में पांव जल रहे हैं। सड़कों पर दोपहर में सन्नाटा पसर रहा है। लेकिन थोड़ी सी लापरवाही से इस भीषण गर्मी में लोग बीमार भी खूब हो रहे हैं। लेकिन, अगर पहनावे, खानपान में थोड़ी सी सावधानी बरतें तो गर्मी से बच सकते हैं। अस्पतालों में समय ज्यादातर मरीज उल्टी-दस्त, बुखार और आंखों में एलर्जी के आ रहे हैं। हीट स्ट्रोक के भी केस बढ़े हैं। खानपान में सुधार लाएं। तली-भुनी न खाएं, हरी सब्जियों और सलाद को खाने में शामिल करें। पेय पदार्थ ज्यादा लें और फैशन की जगह शरीर को ढक कर निकलें तो बहुत कुछ राहत मिल सकती है। डाक्टर भी यही सलाह दे रहे हैं। उनका कहना है कि बहुत सारी प्राकृतिक चीजें हैं, जिनका इस्तेमाल कर हम सेहत को चुस्त दुरूस्त रख सकते हैं। मसलन, खीरा, ककरी, तरबूज, खरबूज, नारियल पाली, सत्तू आदि का सेवन करें तो फायदा ही होगा। चिकित्सकों के अनुसार तापमान 40 के पास होता है तो पाचन तंत्र पर असर पड़ता है। तली-भुनी चीजें तो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हैं। ऐसे में तरल पदार्थ का सेवन ही ज्यादा करना चाहिए। फास्ट फूड मत खाएं। खाने में सलाद की मात्रा बढ़ाएं। जूस, नारियल पानी, मट्ठा पीएं। हां, एक बात और जिसे सभी को ध्यान में रखना होगा कि पानी की मात्रा कम न करें। खूब पानी पीएं। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक सिंघल ने कहा कि इस समय बैक्टिरियल कंजक्टिवाइटिस के ज्यादा मामले आ रहे हैं। धूल और तेज गर्मी से आंखों में एलर्जी हो रही है। खुजली और पानी गिरने लग रहा है। इससे बचने के लिए दिन में दो से तीन बार ठंडे पानी से आंखों को धो लें। जो लोग स्वीमिंग पुल में जा रहे हैं, उन्हें बैक्टिरियल कंजक्टिवाइटिस होने की संभावना ज्यादा रहती है। आंखों में इस तरह की समस्या हो तो तत्काल डॉक्टर से परामर्श लें। मौसम विभाग के अनुसार सप्ताह के मध्य में हल्की बारिश चिलचिलाती धूप से जरूर राहत दिलाएगी। हालांकि इससे तापमान पर कुछ खास असर नहीं पड़ेगा। यह बारिश प्री-मानसून बारिश नहीं होगी। बल्कि एक पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण मौसम में यह बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग की मानें तो अभी गर्मी का सितम ऐसा ही रहेगा। 15 व 16 जून को शाम व रात के समय हल्की बारिश हो सकती है। इसका कारण एक पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता को थोड़ी नमी मिलना है। इससे ही हल्की बारिश होगी। लेकिन तापमान पर कुछ असर नहीं पड़ेगा। इस दौरान 25-35 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं भी चलेंगी। इस दौरान आंशिक बादल छाए रहेंगे।



## भाजपा की महिला नेता का शव मिला

गुवाहाटी, 12 जून (एजेंसी)। असम में भाजपा महिला नेता की हत्या का मामला सामने आया है। यहां कथित तौर पर अज्ञात लोगों ने जोनाली नाथ की हत्या कर शव को नेशनल हाईवे के पास गोलपारा के कृष्णा इलाके में फेंक दिया था। शव मिलने के बाद राज्य भाजपा इकाई ने इसपर विरोध जताया है। साथ ही पुलिस से मामले में उचित जांच और सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। बीजेपी विधायक और पार्टी के वरिष्ठ नेता हेमंगा ठाकुरिया ने कहा कि राज्य पुलिस को इस मामले की ठीक से जांच करनी चाहिए। साथ ही यदि हत्या में कोई राजनीतिक पक्ष हो, तो इसकी भी जांच की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि जोनाली नाथ भाजपा गोलपारा जिला समिति के सचिव के रूप में काम कर रही थीं। वह बहुत सक्रिय पार्टी कार्यकर्ता थीं। ठाकुरिया ने कहा कि उसके साथ किसी को व्यक्तिगत दुश्मनी हो सकती है। शव की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद हमें वास्तविक तथ्यों के बारे में पता चल पाएगा। अगर यह हत्या का मामला है, तो दोषियों पर तुरंत मामला दर्ज किया जाना चाहिए। वहीं,पुलिस अधीक्षक वी वी राकेश रेड्डी ने कहा कि हमने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला सिविल अस्पताल भेज दिया है। हम इसमें जांच कर रहे हैं।

## पीनना-रामपुर बाईपास से खुला किसान समृद्धि का रास्ताः कपिल देव

मुजफ्फरनगर। प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री स्वतंत्र प्रभार और नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने इस विकास तीर्थ भ्रमण का हिस्सा बनकर कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी ने साबित कर दिखाया है कि विकास के लिए ये सरकार हर बंद दरवाजा खोलने का काम करेगी। उन्होंने बताया कि जब वो नगरपालिका के चेयरमैन थे तो उनके द्वारा पीनना से बाईपास नहीं होने की इस समस्या को नजदीक से महसूस किया, क्योंकि हरियाणा की ओर से आने वाले सभी वाहन शिवमूर्ति या नावल्टी चौराहे से होकर गुजरते थे। इससे शहर को जाम की समस्या से जू-ाना पड़ता था। सड़के भी खराब होती थीं। उस समय विधायक अशोक कंसल के साथ मिलकर हमने इसके लिए प्रयास किये, कई बार बोर्ड बैठक में प्रस्ताव कराकर राज्य सरकार को भिजवाया गया, लेकिन यह मंजूर नहीं हो सका। हमारी सरकार बनी तो जनता की समस्या के निदान के लिए पीएम मोदी और मंत्री नितिन गडकरी ने बड़ा दिल दिखाया। आज इस मार्ग के निर्माण होने के कारण यहां पर तरक्की ने दस्तक दी और किसानों की समृद्धि का रास्ता खुला है।

## मंत्री संजीव बालियान ने नौ साल बाद देखा अपनी पहली चिट्ठी का असर

मुजफ्फरनगर। केन्द्रीय राज्यमंत्री और स्थानीय सांसद डॉ. संजीव बालियान ने आज पीनना से रामपुर तक हाईवे निर्माण पर विकास तीर्थ की यात्रा के दौरान इस ड्रीम प्रोजेक्ट के धरातल पर आने की रोचक कहानी में कई तथ्यों से पर्दा उठाया। उसमें एक यह भी शामिल है कि सांसदी जीतकर केन्द्र में मंत्री बनने के बाद उन्होंने पहला पत्र जो सरकार को लिखा वो पानीपत-खटीमा हाईवे के निर्माण के लिए था। मंत्री संजीव बालियान ने ट्वीट कर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि 27 मई 2014 को पहली बार मंत्री पद की शपथ लेने के बाद पहला पत्र जो मैंने लिखा था वो पानीपत-खटीमा को नेशनल हाईवे बनाने के लिए ही लिखा गया था। उन्होंने कहा कि आज नौ साल के बाद भाजपा के विकास तीर्थ यात्रा कार्यक्रम के तहत 5 हजार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण किया तथा इसी राजमार्ग पर 1200 करोड़ रुपये की लागत से बने पीनना से रामपुर तिराहे बाईपास का भी अवलोकन किया। जब मैं इस हाईवे पर पैदल चला तो यह सुखद अहसास हुआ कि सांसद बनने के बाद जनता के लिए कुछ अच्छा कर पाया हूं, जिसको आने वाली पीढ़ी याद करेगी। उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की कार्यकुशलता के कारण ही देश में आज मजबूत सड़कों का जाल बिछ पाया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह नेशनल हाईवे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ मेरी लोकसभा मुजफ्फरनगर के निवासियों के लिए भी प्रगति का हाईवे बनेगा।

## शाहपुर में नगर पंचायत बोर्ड की पहली बैठक में करोड़ों के प्रस्तावों पर मुहर लगी

**▸ चेयरमैन अकरम कुरैशी की अध्यक्षता में हुई नवनिर्वाचित बोर्ड की पहली बैठक ▸ क्षेत्रीय विधायक राजपाल बालियान भी रहे मौजूद ▸ कावड़ यात्रा में शिव भक्तों का होगा अभूतपूर्व स्वागत ▸ नगर के प्रवेश द्वार सहित 8 मुख्य द्वार बनाने पर सहमति ▸ डेढ़ करोड़ की लागत से ठंडे पानी हेतु वाटर कूलर लगेंगे ▸ सभासदों की मांग पर नगर पंचायत की एंबुलेंस को भी हरी झंडी ▸ मियांवाले एवं छिम्पी वाले तालाब का होगा सौंदर्य करण**

शाहपुर, 12 जून (बु.)। नगर पंचायत के नवनिर्वाचित बोर्ड की पहली बैठक में विकास कार्यो के करोड़ों रुपए के प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में उपस्थित रालोद विधायक राजपाल बालियान ने कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष सभी सभासदों को साथ लेकर कस्बे का सर्वांगीण विकास कराएं। इस बार शाहपुर में कांवड़ यात्रा के दौरान शिव भक्तों का अभूतपूर्व स्वागत होगा।

कस्बे के नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष मौहम्मद अकरम कुरैशी की अध्यक्षता में आयोजित नवनिर्वाचित बोर्ड की प्रथम बैठक में सभासदों द्वारा अपने अपने वार्ड के विकास कार्यो के प्रस्ताव रखे। इसके अलावा बैठक में सभासद मनोज सैनी ने कस्बे में आठ प्रवेश द्वार बनाने का प्रस्ताव पारित हुआ। जिसमें मुजफ्फरनगर रोड, बुढ़ाना रोड, मंसूरपुर रोड व बसी रोड पर प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे तथा मालदाबाग, बालाजी धाम जाने वाले मार्ग, मौहल्ला कस्सावान व मौहल्ला इस्लामाबाद में भी प्रवेश द्वार बनाया जाने का प्रस्ताव पारित हुआ। कस्बे के मेन रोड पर डिवाइडर पर रेलिंग के साथ सौंदर्यकरण कराने व रंबल स्पीड ब्रेकर लगाने तथा बसी रोड पर डिवाइडर बनवाने का प्रस्ताव पारित हुआ। नगर पंचायत द्वारा कस्बावासियों के लिए एक एंबुलेंस की व्यवस्था कराने के साथ सफाई व्यवस्था हेतु अतिरिक्त कर्मचारियों को रखने, पेयजल की व्यवस्था हेतु डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से कस्बे में वाटर कूलर व 30 हैंड पंप लगाने का प्रस्ताव पारित हुआ। कस्बे में बस स्टॉप पर शेड बनवाने, खराब पुराने सीसीटीवी कैमरों को ठीक कराने के साथ आधुनिक तकनीक से लैस नए सीसीटीवी कैमरे लगवाने, मौहल्ला कस्सावान स्थित मियां वाला तालाब तथा मोहल्ला सैनियान स्थित तालाब का अमृत सरोवर की तरह सौंदर्यीकरण कराने, पथ प्रकाश व्यवस्था के लिए 450 नई लाइट लगाने के साथ मंदिर व मस्जिदों के पास सोलर लाइट तथा श्मशान-कब्रिस्तान के पास हाई मास्क लाइट लगाने का प्रस्ताव पारित हुआ। इसके अलावा बैठक में कावड़ यात्रा को लेकर विस्तृत चर्चा हुई जिसमें कावड़ यात्रा का कस्बे में अभूतपूर्व स्वागत करने के साथ पेयजल आपूर्ति, पथ प्रकाश व भोजन आदि की समुचित व्यवस्था कराने का प्रस्ताव पारित हुआ। वहीं नगर पंचायत कार्यालय के छत पर सभागार बनवाने के साथ प्रत्येक माह बोर्ड बैठक आयोजित करने का भी प्रस्ताव पारित हुआ। बैठक में उपस्थित क्षेत्रीय रालोद विधायक राजपाल बालियान ने किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की मूर्ति की सफाई व्यवस्था कराने के साथ सौंदर्यीकरण कराने का प्रस्ताव रखा गया। जिसको सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष सभी सभासदों को साथ लेकर कस्बे का सर्वांगीण विकास कराएं वह भी कस्बे के विकास में अपना योगदान देंगे। बोर्ड बैठक में सभासदों ने अपने वार्डों में जन आवश्यकता को देखते हुए सड़क और नाली निर्माण कार्य कराये जाने के प्रस्ताव भी रखे, इसके लिए बोर्ड ने सभी कार्य पारित किये। कावड़ यात्रा के लिए चेयरमैन शाहपुर अकरम कुरैशी ने अपनी तरफ से 50000 रुपये खर्च करने का ऐलान किया। इसी श्रंखला में वार्ड नंबर 8 के सदस्य आदिल खान ने 21000 व सोनू सैनी वार्ड 11 सभासद ने अपनी तरफ से 11000 रुपये की सहायता राशि देने का ऐलान किया। वहीं ईद उल अजहा पर भी पेयजल एवं सफाई की विशेष व्यवस्था की जाएगी। सभासद मनोज सैनी के प्रस्ताव पर वार्ड सात में जाहरवीर गोगाजी की माडी पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का प्रस्ताव पास हुआ इसके अलावा वार्ड में सड़क निर्माण का भी प्रस्ताव पास हुआ। सभासद विशाल गर्ग ने वार्ड संख्या 6 में सरकारी नल पथ प्रकाश सड़क निर्माण सहित दर्जनों प्रस्ताव रखें। बोर्ड बैठक का संचालन ईओ सुधीर कुमार मिश्रा ने किया। बैठक में लिपिक सतीश पंवार, सभासद सोनू सैनी, विशाल गर्ग, सतीश पाल, इस्लाम मलिक, मनोज सैनी, मनोज अरोरा, वकीला बेगम, मोनिका, मोहसीन रंगरेज, गुलशाना अंसारी, नीतू, मुश्तरी खानम व आसिफ सलमानी मौजूद रहे।



### पत्रकार सचिन संगल गौशाला के अध्यक्ष मनोनीत

शाहपुर, 12 जून (बु.)। नगर पंचायत की बोर्ड मीटिंग में कान्हा पशु आश्रय स्थल संचालन समिति के गठन का प्रस्ताव आने पर बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिये जाने पर कान्हा पशु आश्रय स्थल सरकारी गौशाला में वरिष्ठ पत्रकार सचिन संगल अध्यक्ष, सभासद मनोज सैनी, सभासद विशाल गर्ग, सभासद सोनू सैनी, व्यापारी नेता अनिल बंसल युवा समाजसेवी दिनेश पाल को सदस्य नामित किया गया है।

## अब मुजफ्फरनगर को सीधे जम्मू-कश्मीर से जोड़ने का प्लान, नियम तोड़कर लायेंगे मेडिकल कॉलेज

**मुजफ्फरनगर। केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान ने आज कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में देश में विकास के रास्ते तैयार किये गये हैं। उनके संसदीय क्षेत्र में मेरठ करनाल हाईवे लगभग तैयार हो चुका है। पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग दिसम्बर को जनता को समर्पित किया जायेगा। रेलवे का सारा काम पूर्ण कराया जा चुका है, जिसमें रेलवे दोहरीकरण, इलेक्ट्रिक लाइन और नया स्टेशन आदि शामिल हैं। अब एक नया हाईवे जो अम्बाला से शुरू हो रहा है, उसके निर्माण का काम यहां विकास को पंख लगायेगा। यह हाईवे हरियाणा, पंजाब और जम्मू कश्मीर से इस जनपद को सीधे जोड़ने का काम करेगा। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री बालियान ने कहा कि राज्य में सरकार ने प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का काम किया है। इसमें करीब 50 जिलों में सरकारी मेडिकल कॉलेज स्थापित कराये जा चुके हैं, लेकिन मुजफ्फरनगर का नम्बर इसमें इसलिए कट गया कि यहां पर पहले से ही प्राइवेट मेडिकल कॉलेज चल रहा है। यहां पर मेडिकल कालेज लाने का मेरा सपना रहा है, इसके लिए मैंने लगातार मंत्री कपिल देव से बात की है। हम प्रयासरत हैं और मुख्यमंत्री योगी से भी इसके लिए जल्द मिलने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का नियम तोड़कर हम यहां पर सरकारी मेडिकल कॉलेज लायेंगे। बस मेरा यही ड्रीम शेष रह गया है।**

## बिपरजॉय का खतराः उड़ानों पर पड़ी मौसम की मार, लोगों में रोष; सौराष्ट्र-कच्छ के छह जिलों में अलर्ट

नई दिल्ली। एक बार फिर तटीय इलाकों में चक्रवाती तूफान बिपरजॉय का खतरा मंडरा रहा है। मौसम विभाग की मानें तो बिपरजॉय ने कल और भी भयानक रूप ले लिया है। इसी को लेकर, सौराष्ट्र-कच्छ के छह जिलों को अलर्ट पर रखा गया है। मौसम विभाग के अनुसार, बेहद खतरनाक चक्रवात बिपरजॉय के कारण 15 जून को कच्छ जिले और पाकिस्तान के कराची के बीच भूस्खलन होने की संभावना है। वहीं, कल खराब मौसम के कारण मुंबई हवाईअड्डे पर कई उड़ानों में देरी हुई। मौसम विभाग के अनुसार, जिन जिलों को अलर्ट पर रखा गया है वे कच्छ, जामनगर, मोरबी, गिर सोमनाथ, पोरबंदर और देवभूमि द्वारका हैं। इन जिलों में 13-15 जून के दौरान भारी बारिश और बहुत तेज हवा की गति वाले चक्रवात से प्रभावित होने की संभावना है, जो 150 किमी प्रति घंटे तक जा सकती है। चक्रवात के बढ़ते खतरे को देखते हुए 1500 से अधिक लोग शेल्टर की शरण में पहुंच गए हैं। वहीं मछुआरों को 15 जून तक तट पर जाने को लेकर सतर्क कर दिया है। देवभूमि द्वारका के जिला उपायुक्त अशोक शर्मा का कहना है कि चक्रवात बिपरजॉय के खरते को देखते हुए स्कूलों को 15 जून तक बंद रहने के आदेश दिए हैं।

# जीवा को थी मुजफ्फरनगर में हमले की आशंका

**▸ जिला जज को वीडियो कांफ्रेंसिंग से सुनवाई का अनुरोध कर लिखवाई थी चिट्ठी**
**▸ हत्या के बाद अब वायरल हो रहा संजीव जीवा का अदालत को लिखा गया पत्र**

मुजफ्फरनगर, 12 जून (बु.)। लखनऊ में मारे गए कुख्यात संजीव जीवा को आशंका थी कि मुजफ्फरनगर कोर्ट में पेशी के दौरान उस पर हमला हो सकता है। इसी के चलते जिला जज मुजफ्फरनगर को एक चिट्ठी भी लिखकर संजीव ने यहां कोर्ट में सीधी पेशी के बजाय मुजफ्फरनगर में होने वाली पेशी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कराने के लिए अनुरोध किया था। उसका यह पत्र अब वायरल हो रहा है।

लखनऊ डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में बीते बुधवार 7 जून 2023 को हुई संजीव जीवा की हत्या के बाद कई चीजें सामने आ रही हैं। कई अपराधी गिरोहों के साथ दुश्मनी के चलते संजीव जीवा को अपने ऊपर हमले की आशंका तो थी, लेकिन यहां उसका नेटवर्क इस बार कमजोर साबित हुआ। संजीव जीवा को आशंका थी कि मुजफ्फरनगर कोर्ट में पेशी के दौरान उस पर हमला हो सकता है। इसी के चलते बाराबंकी जेल में बंद रहने के दौरान संजीव जीवा हमेशा मुजफ्फरनगर पेशी पर बुलेट प्रूफ जैकेट पहने रहा। अतीक अहमद और अशरफ की हत्या के बाद तो संजीव जीवा को हमले का शक और गहरा गया था और उसे आशंका थी कि उस पर हमला मुजफ्फरनगर कोर्ट में होगा। इसके चलते संजीव माहेश्वरी ने लखनऊ कोर्ट में पेशी के दौरान अपने एक करीबी वकील के जरिए मुजफ्फरनगर जिला जज के नाम पर एक पत्र लिखवाया था और मुजफ्फरनगर कोर्ट में कोर्ट में पेश किए जाने के बजाय जून के आखिरी सप्ताह में होने वाली पेशी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से करवाने की गुजारिश की जानी थी। वकील की ओर से प्रार्थना पत्र तैयार कर संजीव जीवा को दिया था। इसमें संजीव माहेश्वरी ने अपनी हैंडराइटिंग में कुछ सुधार भी किया। जीवा का यह पत्र अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पत्र में साफ लिखा गया वारंट इ के बहाने से उसे ले जाकर विरोधी गैंगस्टर सुशील मूंछ और उसके बेटा टोनी अपने सहयोगी बदन सिंह बद्दो के साथ मिलकर पेशी पर हत्या कराना चाहते हैं। संजीव जीवा को आभास था कि उसके विरोधी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सक्रिय हैं और वहां इन लोगों के मददगार पुलिस वाले हैं। ऐसे में मुजफ्फरनगर कोर्ट में पेशी के दौरान ही उसे हमले की आशंका थी। अतीक के गुजरात से प्रयागराज के सफर के बीच खतरे को देखते हुए उसे लखनऊ जेल से मुजफ्फरनगर तक के लंबे रास्ते के दौरान भी हमले की आशंका संजीव जीवा को थी। लेकिन उसे इस बात का अंदाजा नहीं था कि मुजफ्फरनगर कोर्ट में पेशी के बजाय लखनऊ कोर्ट में ही पेशी के दौरान हत्या कर दी जाएगी। बताया जा रहा है कि इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस अब गैंगस्टर सुशील मूंछ और फरार चल रहे 5 लाख के इनामी बदन सिंह बद्दो के करीबियों से भी पूछताछ कर सकती है। बद्दो काफी समय से फरार है।

# विजय को असलम ने दी थी सुपारी व जीवा का फोटो

**▸ जेल में बंद आतिफ की संजीव ने नोची थी दाढ़ी, 20 लाख की सुपारी दी थी**

लखनऊ, 12 जून (एजेंसी)। कुख्यात गैंगस्टर संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा के हत्यारोपी शूटर विजय यादव उर्फ आनंद के कुबूलनामे के एक वीडियो में वह दावा करते सुनाई दे रहा है कि काठमांडू में उसकी मुलाकात असलम नाम के शख्स से हुई थी। उसने संजीव को मारने की 20 लाख की सुपारी दी थी। बताया था कि उसका भाई आतिफ लखनऊ जेल में बंद है। संजीव ने उसकी दाढ़ी नोची है। इसलिए उस अपमान का बदला लेना है। ये कहानी वारदात के दूसरे दिन सामने आई थी, लेकिन तब ठोस सुबूत नहीं थे। अब विजय का वीडियो ही सामने आ गया। पुलिस बयान की तस्दीक करने में जुटी है।

7 जून को संजीव पेशी पर एससी-एसटी कोर्ट लाया गया था। तभी कोर्ट रूम में उसको गोलियों से भून दिया गया था। जौनपुर निवासी शूटर विजय यादव दबोच लिया गया था। वह जेल में बंद है। जेल जाने से पहले पुलिस ने अस्पताल में उससे पूछताछ की थी, जिसका एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह कह रहा है कि नेपाल के काठमांडू में असलम नाम के शख्स से उसकी मुलाकात हुई थी। उसने कहा था कि लखनऊ जेल में बंद उसके भाई आतिफ को संजीव ने बहुत जलील किया है। नीचा दिखाने के लिए उसकी दाढ़ी नोच ली। इसका बदला लेना है। असलम ने ही उसे 20 लाख की सुपारी दी थी। इस दावे में कितनी सच्चाई है कि ये आगे की जांच में सामने आएगा। सूत्रों के मुताबिक विजय से की गई पूछताछ की तमाम बातें अभी सामने नहीं आ पाई हैं। न ही वह इस वीडियो में हैं। सूत्रों ने बताया कि विजय ने पूछताछ में बताया है कि असलम से डील फाइनल करने के बाद वह बहराइच के रास्ते लखनऊ पहुंचा था। यहीं पर असलम के एक आदमी ने उसको रिवॉल्वर उपलब्ध कराई। उसी ने संजीव की पहचाना कराई। उसे संजीव की एक फोटो भी दी गई थी। ताकि संजीव की पहचान करने में दिक्कत न आए। पुलिस बयानों के आधार पर कड़ी से कड़ी जोड़ रही है। विजय ने स्पष्ट कहा है कि असलम ने उसको सुपारी दी। सवाल उठता है कि आखिर काठमांडू में उसकी मुलाकात असलम से कैसे हो गई। विजय का कोई बड़ा आपराधिक इतिहास भी नहीं है कि असलम उससे वारदात को अंजाम दिलाने के लिए संपर्क करता। अचानक से उसका संपर्क करना और इतनी बड़ी सुपारी दे देना, गले नहीं उतर रहा है। विजय के बयानों की कहानी में कई झोल हैं।

## जीवा हत्याकांड: नेपाल बना अंडरवर्ल्ड का सेफ हाउस

लखनऊ, 12 जून (एजेंसी)। कोर्ट में जीवा की हत्या के बाद पकड़े गए आरोपी ने जिस तरीके से नेपाल का जिक्र किया है, उससे एक बार फिर से चर्चाएं शुरू हो गई हैं कि क्या नेपाल एक बार फिर से अंडरवर्ल्ड का 'सेफ हाउस' या सुरक्षित पनाहगाह बनता जा रहा है। इस सेफ हाउस से अपने देश के माफियाओं और अंडरवर्ल्ड से नाता रखने वाले लोगों को मदद की जा रही है। सवाल उठ रहा है कि अगर जीवा की हत्या के लिए नेपाल से पकड़े गए आरोपी को रुपये और असलहे दिए गए, तो क्या नेपाल में ऐसी गतिविधियां फिर से जोर पकड़ने लगी हैं। फिलहाल पकड़े गए आरोपी के कुबूलनामे के साथ जांच एजेंसियों समेत खुफिया एजेंसियों के कान खड़े हो गए हैं। जरायम की दुनिया को करीब से समझने वाले लोगों का मानना है कि नेपाल पिछले कुछ वक्त से अंडरवर्ल्ड के बड़े-बड़े माफियाओं के लिए सुरक्षित ठिकाना बनता जा रहा है। इसके पीछे का तर्क यही है कि कभी नेपाल के ताकतवर माफिया और नेता मिर्जा दिलशाद बेग की हत्या के बाद असंगठित अपराध की कमान स्थानीय और छोटे-छोटे माफियाओं में बंटती रही। 1990 से लेकर सन 2000 के बीच में अपराधियों पर नकेल कसने वाले एक रिटायर्ड वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कहते हैं कि नेपाल में जो असंगठित गिरोह पनप रहा है उसके पीछे की मंशा भारत में खास तौर से सीमा पर लगते हुए इलाकों में माहौल बिगाड़ने की ही है। सीमा से लगते हुए जिलों और देश के अलग-अलग राज्यों के माफियाओं को अवैध असलहों से लेकर अवैध करेंसी और अपराधियों के प्रशिक्षण तक की व्यवस्था की जा रही है। वह कहते हैं कि जीवा हत्या कांड में पकड़े गए आरोपी ने नेपाल में रुपये और असलहे मिलने की बात का पता चला है। उससे इशारा तो यही मिल रहा है कि नेपाल की जमीन से कैसे अस्थिरता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है।